जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 | वर्षः 15 | संख्याः 31 | प्रभात | चूरू, मंगलवार 30 मई, 2023 | पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.



*उत्तरी अमेरिका में घोड़ों के बारे में लिखी गई तमाम कहानियाँ व तथ्य बदलने वाले हैं। ''साइन्स'' नाम के जर्नल में छपे एक शोध में यह दावा किया गया है। घोड़ों के पुरावेशषों की जांच के बाद शोधकर्ताओं ने कहा कि, सोलहवीं सदी के पूर्वार्ध (1600) में ही यहाँ के मूल निवासियों ने समूचे अमेरिकन वैस्ट में घोड़ों को फैला दिया था और तब तक उनका यूरोपियन्स से कोई सम्पर्क नहीं हुआ था। ये नतीजे मूल निवासियों के मौखिक इतिहास से मेल खाते हैं, जिसमें यूरोपियन्स के आने से पहले से घोड़े के साथ इन लोगों के पारस्परिक संबंधों की बात बताई गई है। सत्रहवीं व अठाहवीं सदी की यूरोपियन पुस्तकों में दावा किया गया है कि, 1680 के पुऐब्लो रिवोल्ट के बाद क्षेत्र में घोड़ों का प्रसार हुआ था। नए शोध के सहलेखक जिम्मी आर्टरबैरी, जो नेटिव अमेरिकन ट्राइब, ''कमैन्ची'' के विशेषज्ञ हैं, ने कहा, ''हम हमेशा से जानते थे कि स्पैनिश लोगों के आने से पहले ही हमारा घोड़ों से सम्पर्क हो चुका था। अमेरिका में घोड़ों का उद्‌विकास तो 40 लाख साल पहले ही हो गया था लेकिन, फॉसिल रिकॉर्ड के अनुसार, दस हजार साल पहले वे लुप्त हो गए।'' शोध पत्र के अनुसार, संभवतः स्पैनिश उपनिवेशी 1519 में पहली बार घोड़ों को अमेरिका में वापस लाए। तब स्थानीय लोग ट्रेड नैटवर्क के जरिए घोड़ों को उत्तर की तरफ ले गए। यह पता लगाने के लिए कि, घोड़ों का प्रसार कब हुआ था, वैज्ञानिकों ने वैस्टर्न यू.एस. में मिले दो दर्जन से ज्यादा घोड़ों के अवशेषों की रेडियो कार्बन डेटिंग की व डी.एन.ए. का विश्लेषण किया, जिसमें सामने आया कि, वायोमिंग, कैन्सस और न्यूमैक्सिको में मिले घोड़ों के अवशेष पुएब्लो रिवोल्ट से भी पुराने हैं। शोध की सहलेखक ईवैट कॉलिन्स ने कहा, नतीजों से यह भी पता चलता है कि, इतिहास को समझने में स्थानीय मौखिक परम्पराओं का महत्व कितना ज्यादा है। उन्होंने कहा, इतने वर्षों तक हमारी संस्कृति को गलत तरीके से बताया जाता रहा है।*

# ‘दोनों नेताओं ने फैसला हाई कमान पर छोड़ा’

## सोमवार की शाम को मल्लिकार्जुन खड़गे के निवास पर आयोजित बैठक, जिसमें राहुल गांधी, वेणु गोपाल, रंधावा व गहलोत थे तथा पायलट बाद में शरीक हुए, में यह सारांश निकला

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 27 मई। अशोक गहलोत और सचिन पायलट एक साथ नज़र आए, तथा के.सी. वेणुगोपाल ने घोषणा की कि दोनों मिलकर राजस्थान विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इसके तौर तरीके वे प्रक्रिया पर नेतृत्व फैसला करेगा।

आज शाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निवास पर एक मीटिंग हुई जिसमें राहुल गांधी, के.सी. वेणुगोपाल, रंधावा, अशोक गहलोत उपस्थित थे। बाद में इसमें सचिन पायलट भी शामिल हो गए।

सूत्रों ने बताया कि सचिन पायलट को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा गया।

पता चला है कि पायलट ने इस प्रस्ताव पर इस शर्त के साथ सहमति दे दी है कि वसुंधरा राजे और उनके भ्रष्टाचार के कारनामों के खिलाफ जांच के आदेश दिए जाने चाहिए।

इस बात की संभावना बहुत ही कम है कि गहलोत इस शर्त पर सहमत होंगे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **वेणु गोपाल ने बैठक के बाद, प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी गहलोत व पायलट की उपस्थिति में दी।**
- **विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैठक में यह प्रस्ताव आया था कि, पायलट को पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष बनाया जायेगा।**
- **पायलट ने प्रस्ताव पर अपनी सहमति दी, पर शर्त लगायी कि, वसुंधरा राजे व उनके भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच के आदेश होने चाहिये।**
- **ऐसा नहीं लगता कि, गहलोत इस शर्त को स्वीकार करेंगे, पर इसकी क्रियान्विति कैसे होगी इसका निर्णय हाई कमान करेगा।**
- **सोमवार की रात को राहुल गांधी अमेरिका के लिये प्रस्थान कर रहे हैं, अतः अभी स्पष्ट नहीं है कि, क्रियान्वयन की प्रक्रिया का निर्धारण, तुरंत हो जायेगा।**
- **ऐसा लगता है कि, पायलट को अपना प्रस्तावित आंदोलन वापस लेने का मौका दिया गया है, दोनों नेताओं को राजनीतिक निर्णय में बराबर का भागीदार बनाया गया है तथा केवल गहलोत को ''फ्री हैण्ड'' नहीं मिलेगा, जैसा वे चाहते हैं।**

# तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ संसद के चुनाव कराने पर मंथन शुरू?

## मोदी-शाह द्वय इस रणनीति के लाभ-हानि पर गंभीर मंथन कर रहे हैं?

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 मई। पुराने जमाने से चली आ रही जाँची-परखी रणनीति रही है कि जब दुश्मन झपकी ले रहा हो या असावधान हो, उस समय उस पर एकाएक हमला बोल दो। मोदी सरकार इस रणनीति से चिंतन करती तथा अपने राजनैतिक विरोधियों को जरा सी गलती करते दबोचने पर विचार करती प्रतीत हो रही है।

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हैं, यह तय करने की कवायद में गंभीरता से लगा हुआ है कि अगर अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव कुछ समय पहले करा लिये जायें तथा उन्हें लाभ होगा या हानि। भाजपा का उद्देश्य विपक्ष को संगठित करने के विपक्षी दलों के प्रयासों का कमजोर करना, बल्कि उन्हें ध्वस्त करना है।

एक शीर्षस्थ सूत्र ने अपना नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा कि आम चुनावों का छः महीने पहले राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ से विधानसभा चुनावों के साथ कराने के फायदे-नुकसान के अध्ययन की शुरूआत इसी महीने हुये कर्नाटक विधानसभा चुनावों में भाजपा की जबरदस्त हार के तुरंत बाद शुरू हो गई थी।

सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव समय पूर्व कराने का विचार पैदा होने का असली कारण यह तथ्य रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के जबरदस्त प्रयासों, जिनमें उनके द्वारा 19 जन सभाएं संबोधित करना तथा 6 रोड शो करना भी शामिल है, के बावजूद भाजपा की जबरदस्त हार हुई थी। संक्षेप में, भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ने में अपनी पूरी ताकत लगा दी थी। चुनावों की घोषणा होने के बाद, भगवा पार्टी ने पूरे राज्य में प्रचार करते हुए आठ रैलियाँ की थीं। भाजपा के स्वयं के आंकड़े बताते हैं कि पार्टी नेता राज्य के 311 मंदिरों और मठों में गये, उन्होंने 9125 जनसभाएं कीं, 1377 रोड शो किये तथा 9077 नुक्कड़ सभाएं कीं।

जहां विपक्षी दल भाजपा को टक्कर देने के लिये, उनके प्रत्याशी के सामने विपक्ष का एक ही प्रत्याशी खड़ा करने की योजना के साथ, विपक्षी मोर्चा बनाने में समय लगा रहे हैं तथा इस सिलसिले में उनकी पहली मीटिंग 12 जून को पटना में होना संभावित हैं, वहीं भाजपा पूरे दृढ़निश्चय के साथ ऐसी रणनीति बनाने में लगी हुई है कि विपक्षी नेताओं को परस्पर उचित समझबूझ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **यह सोच कर्नाटक में भाजपा की भारी हार के बाद, पार्टी को काफी आकर्षक लग रहा है।**
- **संसद का चुनाव समय से पहले कराने के पक्ष में एक बड़ा तर्क यह दिया जा रहा है कि, विपक्ष को एक होने का पूरा मौका नहीं मिल पायेगा।**
- **दूसरा तर्क है, विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस का ध्यान बंट जायेगा। वो विधानसभा चुनाव पर या संसद के चुनाव पर पूरा ध्यान नहीं दे पायेगी।**
- **दो चुनाव एक साथ होने से विपक्ष, (मुख्यतया कांग्रेस) के पास धन व साधनों की भारी कमी रहेगी।**
- **अंतिम तर्क यह है कि, राहुल गांधी अपनी पूर्व से पश्चिम भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण आरंभ नहीं कर पायेंगे।**
- **ऐसा माना जाता है कि, प्रथम चरण में कांग्रेस को कर्नाटक में अच्छा लाभ मिला था।**

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# ‘महिला चिकित्सक को पी.जी. के अगले सत्र में प्रवेश दिया जाए’

जयपुर, 29 मई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने ग्रामीण क्षेत्र में काम कर चुकी चिकित्सक को बोनस अंकों का लाभ नहीं देने के मामले में आदेश दिए हैं कि, चिकित्सक को पीजी पाठ्यक्रम के अगले सत्र में प्रवेश दिया जाए। कोर्ट ने कहा है कि, इस दौरान किसी दूसरे अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त नहीं किया जाए। एक्टिंग चीफ जस्टिस, एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने डॉ. स्नेहा तिवाड़ी की ओर से दायर अपील पर ये आदेश दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि, अपीलार्थी को बिना किसी गलती पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश से वंचित किया गया है। हालांकि वर्तमान सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि निकल चुकी है और अपीलार्थी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने डॉ. स्नेहा तिवाड़ी की याचिका पर यह आदेश दिए और कहा कि, अपीलार्थी को बिना किसी गल्ती के पी.जी. पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया गया।**

# 12 जून को पटना में आयोजित विपक्ष की बैठक की तैयारी जोरों पर

## पिछले कुछ माह में नीतीश कुमार ने तो ज्ञान हासिल कर लिया है कि, भाजपा व कांग्रेस से बराबरी की दूरी रखने का चिंतन क्षेत्रीय दलों के लिये सही नहीं है

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 मई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 12 जून को पटना में बुलाई जा रही विपक्षी नेताओं की विशाल मीटिंग की तैयारियां की जा रही हैं। जनता दल (यू) सूत्रों ने कहा कि यह मीटिंग इस प्रकार की महत्वपूर्ण मीटिंगों, जो देश के विभिन्न स्थानों पर सम्पन्न होंगी, की शृंखला की पहली मीटिंग होगी।

कर्नाटक में भाजपा की पराजय के बाद, विपक्षी नेताओं के चाल-ढाल और हाव-भाव में इस बात को लेकर नया उत्साह और जोश आ गया है और निरन्तर बढ़ता जा रहा है कि 2024 के संसदीय चुनावों में भाजपा से लड़ने के लिये गैर-भाजपा दल परस्पर सहयोग कर सकते हैं। नये संसद भवन के उद्‌घाटन का 19 विपक्षी दलों ने बहिष्कार किया था। इससे पूर्व, विपक्ष शासित राज्यों के छः मुख्यमंत्री पिछले शनिवार को नीति आयोग की उस मीटिंग में शामिल नहीं हुये थे, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी।

पिछले महीनों में, विपक्षी नेताओं को साथ लाने में, खासतौर से ममता बनर्जी, अखिलेश यादव तथा अरविन्द केजरीवाल जैसे क्षेत्रीय नेताओं को एक साथ लाने का मामले में, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कुछ सफलता मिली है। इससे पूर्व, इन तीनों क्षेत्रीय नेताओं ने कांग्रेस के साथ आने की संभावना को ही खारिज कर दिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **ममता बनर्जी, अखिलेश यादव व केजरीवाल जैसे नेता भी अब नीतीश के वन-टू-वन उम्मीदवार के फॉर्मूले को स्वीकार करने लगे हैं।**
- **अतः पटना में विपक्ष के 18 नेता, शरद पवार, नवीन पटनायक, राहुल गांधी व अखिलेश यादव भी विपक्ष के नेताओं की बैठक में शामिल होंगे।**
- **एक बिहार के नेता ने, पर, यह भी कटाक्ष किया कि, इन सभी नेताओं को भाजपा सरकार द्वारा प्रेरित ई.डी./सी.बी.आई. के छापों का भय सदा सताता रहता है, अतः उनके एक मंच पर आने का यह भी बड़ा कारण है।**

# पेपर लीक के आरोपी शेर सिंह मीणा को प्रमोशन

बीकानेर, 29 मई (कासं)। सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक के मास्टरमाइंड अनिल उर्फ शेर सिंह मीणा को प्रमोट करने के मामले में माध्यमिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल को राज्य सरकार ने एपीओ कर दिया है।

गौरव को फिलहाल जयपुर में ही हाजरी देनी होगी। पेपर लीक के मास्टरमाइंड अनिल मीणा को वाइस प्रिंसिपल से प्रिंसिपल पद पर प्रमोट किया गया है, इस खबर के बाद राज्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक के आरोपी शेर सिंह मीणा को प्रिंसिपल पद पर प्रमोशन देने वाले माध्यमिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल को राज्य सरकार ने ए.पी.ओ. कर दिया है।**

# न संसद की पुरानी बिल्डिंग रही न वैसे सांसद और न वैसे दिन, जब ''जर्नलिस्ट'' स्वतंत्र घूमते थे खबर की तलाश में

## अंजन रॉय उस जमाने के पुराने वरिष्ठ पत्रकार, पुरानी यादों से घिरे हुए, उदास हैं

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 मई। उद्‌घाटन का दिन आया और चला भी गया। नई संसद का उद्‌घाटन हो गया, हालांकि बहुतों ने बहिष्कार किया। इसका अर्थ है कि पुरानी संसद का पटाक्षेप हो गया है। अब इसका क्या होगा यह तय नहीं है। हालांकि कुछ का सुझान है कि अब पुरानी इमारतों की तरह इसे भी हैरिटेज होटल बना दिया जाए। वहीं कुछ का सुझाव है कि इसे संसदीय कार्यों से संबंधित मीटिंग व कॉन्फ्रेंस के लिए रखा जाए।

लेकिन सबसे खूबसूरत सुझाव एक जाने माने आर्किटैक्ट की तरफ से आया है कि इसे पूरी गरिमा से पुरातन होने दिया जाए और इसकी मरम्मत नहीं की जाए। प्रकृति को इसका अधिग्रहण करने दिया जाए, इस खूबसूरत इमारत कक्षों में घास-पात, पेड़-पौधे उगने दिए जाएं।

एक पुराने संसदीय संवाददाता एवं पत्रकार के रूप में मेरी इस इमारत से काफी यादें जुड़ी हुई है। चुने हुए प्रतिनिधियों के अलावा, संसदीय संवाददाता व पत्रकार भी इस भवन का प्रमुख हिस्सा रहे है। हम अक्सर यहां बैठा करते थे।

ईमानदारी से कहें तो हम लोग संसद के निर्वाचित सदस्यों के लिए हमेशा परेशानी का सबब रहे हैं। पर हमें न केवल उन्होंने हमेशा बर्दाश्त किया बल्कि प्रोत्साहन भी दिया। कई नेता तो हमारे साथ अक्सर बैठते थे और हमें ऐसे संकेत देते थे कि वे मीडिया में क्या देखना पसंद करते हैं।

यहां अक्सर खुला भाई-भतीजावाद होता था। कुछ पत्रकार कुछ बड़े नेताओं के प्रिय हुआ करते थे तो वे नेता उन्हें अपने चैम्बर में बुलाते थे। यह सर्वज्ञात था, किसी को भी इससे शिकायत नहीं थी। खबरों के लिए खुली प्रतिस्पर्द्धा होती थी पर कोई किसी की भी भावनाओं को आहत नहीं करता था।

जब संसद चल रही होती थी। संसद के गलियारे में अक्सर एल.के. अडवानी को अपने प्रिय बी.बी.सी. संवाददाता लम्बे कद के और सैंडल पहनने वाले मार्क टली से बात करते देखा जा सकता था। भाकपा नेता गुरदास दासगुप्ता को वामपंथी रुझान वाले पत्रकारों के साथ देखा जा सकता था। दास गुप्ता के पास बैंकिंग व फाइनैंस के लिए हमेशा नई टिप्स होती थीं।

विशेष तवज्जो देने की इस प्रवृत्ति को अलग रख दें तो संसद के गलियारों में घूमने वाले, खम्बों के इर्द-गिर्द खड़े रहने वाले सभी में भाईचारा था। गौरतलब है कि ये स्तम्भ संसद भवन की पहचान थे। इन दीर्घाओं में जब सभी लोग एकत्र होते थे और बातचीत करते थे, गप्पे मारते थे, तब वहां चाय-काफी वाले भी घूमते दिख जाते थे। और कई बार तो आम हंसी मजाक में बड़े नेता भी शामिल हो जाते थे।

दीर्घा से सटे कक्षों के सामने दोनों सदनों की टेबल्स पर वितरित किए जाने वाले दस्तावेज रखे रहते थे। यह डिजिटल युग से पहले का दौर था जब खबर या कोई भी जानकारी कागजों पर ही दी जाती थी। कई बार लाइन में लग कर इंतजार करने में भी बहुत ऊब और खीज होती थी पर आज तो लाइन में लग कर इंतजार करने की अब और खीज भी याद आ रही है।

हम सुनते हैं कि पत्रकारों को नए संसद भवन से दूर रखा गया है, कुछ को ही बुलाया गया है। वैसे डिजिटल युग में उपस्थित होने के कोई मायने नहीं है। दूसरे पत्रकारों के लिए कोई स्थान नहीं है। वहां सैंट्रल हॉल, गलियारे, दीर्घा नहीं है जहां पत्रकार ही नहीं नेता भी खुलकर बतियाते थे।

इस साहसिक कदम से खबरें और मुख्य जानकारियां ''लीक होने का दौर खत्म हो जाएगा, जिससे पत्रकार कई बड़ी-बड़ी खोज करने से वंचित हो जाएंगे। अब सूचना बेहद गोपनीय रखी जाएगी। हो सकता है इससे प्रशासन व सत्तारूढ़ पक्ष को लाभ हो लेकिन खबरों वे सूचना के लिए प्रतिस्पर्द्धा लोकतंत्र का कामकाज सुनिश्चित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **आज के ''डिजिटल युग'' में संसद को ''कवर'' करने वाले जर्नलिस्ट लगभग ''अनुपयोगी'' मान लिये गये हैं, पर, क्या यह प्रजातंत्र के लिये शुभ है?**

# दरगाह में तोड़फोड़ करने वाले छह गिरफ्तार

उदयपुर, 29 मई (कासं)। गींगला थाना पुलिस ने दरगाह में तोड़फोड करने के मामले में छह जनों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार, गत 23 मई को आदिल पुत्र अशफाक मन्सुरी निवासी सलूम्बर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि, माकडसिमा गांव में पाल के पास स्थित दरगाह में 22 मई रात में अज्ञात व्यक्तियों ने तोड़फोड की। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.प्रियंका, पुलिस उप अधीक्षक सुधा पालावत के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **घटना उदयपुर के माकड़सीमा गांव की है, जहां 22 मई की रात पाल के पास की दरगाह पर अज्ञात व्यक्तियों ने तोड़-फोड़ की थी।**

## विचार बिन्दु

जिस तरह रंग सादगी को निखार देते हैं उसी तरह सादगी भी रंगों को निखार देती है। सहयोग सफलता का सर्वश्रेष्ठ उपाय है। –मुक्ता

# नए संसद भवन का उद्घाटन– अनावश्यक विवाद

नए संसद भवन का उद्घाटन 28 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। शायद ही कोई उद्घाटन समारोह इतना चर्चा और विवादों के घेरे में रहा हो जितना संसद भवन का यह उद्घाटन रहा है। संसद भवन आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त भव्य भवन है। भविष्य में परिसीमन के बाद लोकसभा और राज्यसभा की सीटों में होने वाले वृद्धि को ध्यान में रखते हुए इसे बनाया गया है। इसके निर्माण पर 862 करोड़ रुपये व्यय हुए और इसे बनने में लगभग ढ्राई साल लगे। इसमें कई प्रकार की विशेषताएं और विशिष्टताएं हैं जिनका सभी टी.वी. चैनलों के माध्यम से दिन भर प्रसारण किया गया। उद्घाटन समारोह के अंतर्गत आयोजित हवन, सर्वधर्म प्रार्थना, सेंगोल (धर्म दंड) का प्रधानमंत्री को सौंपा जाना आदि सभी गतिविधियों का सभी चैनलों द्वारा सीधा प्रसारण किया गया।

यह समारोह अनेक कारणों से विवादों में रहा। सबसे मुख्य विवाद का प्रश्न तब सामने आया जब कांग्रेस के नेतृत्व में विभिन्न विपक्षी दलों द्वारा यह मांग की गई कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा इसका उद्घाटन कराया जाना चाहिए था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 79 के अंतर्गत संसद का गठन लोकसभा, राज्यसभा और राष्ट्रपति मिलकर करते हैं। यह भी कहा गया कि वही दोनों सदनों को आहूत करती हैं एवं दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करती हैं। अभिभाषण उनके द्वारा दिया जाता है। भारतीय संविधान में सर्वोच्च स्थान राष्ट्रपति जी को प्राप्त है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए जाने वाले उद्घाटन समारोह को स्थगित कराने हेतु सर्वोच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका भी दायर की गई, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने उचित नहीं मानते हुए प्रारंभिक स्तर पर ही अस्वीकार कर दिया।

जब विपक्षी गणों की इस मांग पर कोई ध्यान सरकार द्वारा नहीं दिया गया तो लगभग 20 विपक्षी दलों ने उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने का सामूहिक निर्णय लिया। इस प्रकार लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था संसद के नए भवन का उद्घाटन 20 विपक्षी दलों के अनुपस्थिति में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया।

कोरोना के समय जिस समय सेंट्रल विस्ता और संसद भवन का कार्य प्रारंभ हुआ था उस समय भी विपक्षी दलों ने इसका घोर विरोध यह कहकर किया था कि कोरोना महामारी से मुकाबला करने के स्थान पर सेंट्रल विस्टा पर लगभग 20000 करोड़ रुपये का खर्च करना एकदम अनुचित है। यह भी कहा गया कि दुनिया के देशों की संसद भारतीय संसद से भी बहुत पुराने भवनों में चल रही है, अतः नया भव्य भवन बनाना जनता के पैसे की बर्बादी है। सरकार ने विरोध की कोई परवाह नहीं की और इस पर कार्य जारी रखा। और अब जबकि संसद भवन बनकर तैयार हो गया है तो इसका उद्घाटन वीर सावरकर की जन्म तिथि 28 मई को किया गया। तिथि के चयन पर भी विपक्ष को आपत्ति थी। जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष की बातों की उपेक्षा की उससे तो ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री न तो असहमति को पसंद करते हैं एवं न ही उसकी परवाह करते हैं। यदि वे विपक्ष की मांग को ध्यान में रखते हुए उनसे संवाद स्थापित करते तो संभवतया इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

जिस समय प्रधानमंत्री नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर, सदैव की भांति उत्साह से ओतप्रोत भाषण में भारतीय लोकतंत्र की दुहाई दे रहे थे, ठीक उसी समय लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर ओलंपिक पदक विजेता महिला पहलवानों साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को जबरदस्ती पुलिस द्वारा धरना स्थल से उठाया जा रहा था एवं सड़कों पर घसीटा जा रहा था। ये दृश्य विचलित करने वाले थे। ऐसा बर्बरता पूर्ण सलूक उन महिला पहलवानों के साथ किया जा रहा था जिन्होंने अपना पूरा जीवन भारत के गौरव को बढ़ाने में लगा दिया। जब वे ओलिंपिक खेलों के बाद लौटे तो प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आवास पर चाय हेतु न केवल आमंत्रित किया अपितु उनकी बहुत सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने भारत का गौरव बढ़ाया है। यही पहलवान एक माह से अधिक समय से जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे हैं। उनकी मांगों के संबंध में सरकार ने कोई पहल नहीं की और न उनसे बात करके समस्या का हल निकालने का प्रयास किया। उनकी मांग केवल इतनी थी कि उनके साथ यौन उत्पीड़न करने वाले कुश्ती महा संघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार किया जाए। वैसे भी कानून के अंतर्गत नाबालिग पीड़िता के बयान दर्ज होते ही संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जाना चाहिए था। इस प्रकार यौन उत्पीड़न के अभियुक्त को निरंतर संरक्षण प्रदान करना लोकतांत्रिक एवं संविधान की मूलभूत भावना के अनुकूल नहीं है। यह विडंबना ही है कि जब महिला पहलवानों को सड़क पर घसीटा जा रहा था, उसी समय बृजभूषण सिंह नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में सम्मानपूर्वक भाग ले रहा था।

**यदि विपक्षी दलों की बात को ध्यान में रखते हुए एवं संवैधानिक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री बड़ा दिल दिखाते हुए राष्ट्रपति, जो कि एक महिला एवं आदिवासी हैं, से इस नए भवन का उद्घाटन करवा लेते तो वह अपनी छवि को और अधिक बड़ी कर सकते थे। यह अवसर उन्होंने खो दिया। विपक्षी दलों को भी अपने अहम के कारण इस समारोह के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित नहीं होने का दोषी माना जाएगा।**

यह तो बात हुई सत्तापक्ष की, जिसने विपक्ष की आलोचना को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें लगभग इसी अंदाज में लिया कि "आपको जो करना है करते रहिए, हम वही करेंगे जो हमें करना है"। इसी प्रकार का दृष्टिकोण अन्य अवसरों पर पहले भी देखने को मिला है। पाठकों को याद होगा कि किसान आंदोलन के समय, सरकार द्वारा बार-बार यह घोषणा करने के बावजूद कि तीनों कृषि कानून किसी सूरत में वापस नहीं होंगे, आंदोलन के दबाव के चलते, प्रधानमंत्री को न केवल देश से माफी माँगनी पड़ी, तीनों कानून वापस लेने पड़े।

संसद के उद्घाटन के अवसर पर माहौल अधिक गरिमा युक्त और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुकूल होता यदि संपूर्ण विपक्ष भी इस उद्घाटन समारोह का भाग बनता। इस प्रकार की स्थिति का कारण सत्ता पक्ष की हठधर्मिता थी, वहीं विपक्षी दल भी इसके लिए अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकते। संभव है, विपक्षी दलों द्वारा जो तकनीकी बिंदुओं को उठाये गया, वे संविधान की मान्यताओं के अनुसार सही हों, लेकिन कांग्रेस पर विशेष रूप से यह उक्ति लागू होती है–"जिनके घर शीशे के बने हों वह दूसरों के शीशे के घर पर पत्थर नहीं फेंका करते"। जब कांग्रेस ने राष्ट्रपति से ही भवन का उद्घाटन करवाने पर जोर दिया एवं इसे संवैधानिक दृष्टि से उपयुक्त बताया, तो भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भी ऐसे कई उदाहरण सार्वजनिक कर दिए जब राज्यों की विधानसभाओं का उद्घाटन राष्ट्रपति अथवा राज्यपाल द्वारा नहीं किया गया अपितु यू पी ए अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा कराया गया जिनका कोई संवैधानिक अधिकार नहीं बनता था। जब कांग्रेस स्वयं इस बात का सम्मान नहीं करती रही है तो फिर केवल भाजपा से ऐसी अपेक्षा करना किसी भी रूप में सही नहीं कहा जा सकता। जहां तक नैतिकता और मर्यादा का प्रश्न है उसकी तो बात करना ही अब बेमानी लगता है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने ही इस प्रकरण में अपनी मर्यादा लाँघी है और जनता केवल एक मूक दर्शक बन कर रह गई है।

संसद के उद्घाटन समारोह के अवसर पर राज्यसभा के सभापति की अनुपस्थिति भी विशेष रूप से अनुभव की गई। उद्घाटन के अवसर पर जहां प्रधानमंत्री की कुर्सी बीच में थी उनके एक ओर लोकसभा अध्यक्ष और दूसरी ओर राज्यसभा के उपाध्यक्ष थे। राज्यसभा के सभापति भारत के उप राष्ट्रपति हैं जिन्हें नहीं बुलाया गया। प्रोटोकॉल में उपराष्ट्रपति का स्थान प्रधानमंत्री से ऊपर होता है। यदि वे आते तो फिर वे ही इसका उद्घाटन करते और ऐसा प्रधानमंत्री मोदी हरगिज़ नहीं चाहते थे। यह तो सर्वविदित ही है कि भारत सरकार के किसी भी विभाग का कोई भी शिलान्यास या उद्घाटन का कार्यक्रम हो, मुख्य अतिथि सामान्यता नरेंद्र मोदी होते हैं। संबंधित मंत्रियों को अपने खुद के विभाग के कामों का उद्घाटन व शिलान्यास करने का शायद ही कभी अवसर मिल पाता है। उदाहरणार्थ, अब तक प्रारंभ की गई 17 वंदे भारत रेलों में से 16 को तो प्रधानमंत्री स्वयं ने झंडी दिखाकर रवाना किया और एक को गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। रेल मंत्री को तो ऐसा कोई अवसर ही नहीं मिला। लगता है सरकार भाजपा की न होकर केवल मोदी की है। लगभग सभी स्थान पर वही व्याप्त रहते हैं। संसद भवन के उद्घाटन का अवसर भला वह कैसे किसी और को देते।

इस पूरे विवाद में विपक्ष ने भी अपनी किरकिरी कराई है। जनता में एक प्रकार का संदेश गया है कि वह नरेंद्र मोदी के प्रति व्यक्तिगत विद्वेष की भावना से ओतप्रोत है। वह इस बात को शायद पचा नहीं पा रहे हैं कि नरेंद्र मोदी इस महत्वपूर्ण अवसर पर पूर्णतया छाए रहे।

लोकतंत्र में असहमति के प्रति असहनशीलता दिखाना घातक सिद्ध हो सकता है न केवल लोकतंत्र के लिए बल्कि उस व्यक्ति के लिए भी, जो केवल चाटुकारों से घिरा रहे। न तो मीडिया को और न दल के किसी सदस्य को कोई बात नेता के विरुद्ध कहने की अनुमति हो। कोई ऐसा दुस्साहस करे भी तो उसे किसी न किसी रूप से प्रताड़ित करने का रास्ता निकाल लिया जाता है। कुछ विपक्षी दलों के नेता तो उद्घाटन समारोह में संभवतः इसीलिए शामिल हुए कि कहीं उन्हें सरकार के कोप भाजन का शिकार न होना पड़े।

यदि विपक्षी दलों की बात को ध्यान में रखते हुए एवं संवैधानिक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री बड़ा दिल दिखाते हुए राष्ट्रपति, जो कि एक महिला एवं आदिवासी हैं, से इस नए भवन का उद्घाटन करवा लेते तो वह अपनी छवि को और अधिक बड़ी कर सकते थे। यह अवसर उन्होंने खो दिया। विपक्षी दलों को भी अपने अहम के कारण इस समारोह के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित नहीं होने का दोषी माना जाएगा। कुल मिलाकर, यह समारोह उतना गरिमा पूर्ण नहीं हो पाया जिसकी अपेक्षा थी। उद्घाटन के अवसर पर विपक्ष का होना स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र का संकेत होता। नए संसद भवन के हॉल की सीटें तो सरकार द्वारा विभिन्न अतिथियों को आमंत्रित करके भर ली गईं। अन्यथा उद्घाटन समारोह के अवसर पर बहुत सारी सीटें हॉल में खाली ही दिखाई देतीं जो अच्छा दृश्य प्रस्तुत नहीं करता। साधारण नागरिक की तरह हम तो यही कह सकते हैं कि यह पूरा प्रकरण अनावश्यक था जिसे टाला जा सकता था। यदि दोनों ही पक्ष अपने-अपने अहंकार को छोड़कर परस्पर संवाद की स्थिति बनाते और मर्यादाओं को ध्यान में रखते हुए लोकतंत्र की स्वस्थ परंपराओं को आगे बढ़ाते तो अच्छा होता। काश, ऐसा हो पाता।

–अतिथि सम्पादक,
राजेन्द्र भाणावत
(पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी)

# कृषि संस्कृति विकास के जरिए खेती को बचाएं



डॉ. अरुणा व्यास

**कृषि** को भले ही भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता रहा है पर योजनागत रूप में जितना कम ध्यान कृषि क्षेत्र पर दिया जाता है, उतना संभवतः अन्य किसी भी क्षेत्र पर नहीं दिया जाता। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि खेती आज भी किसानों के लिए बहुत अधिक लाभकारी क्षेत्र नहीं है। शायद यही वह बड़ा कारण भी है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान खेती की जमीनों का धंधा बड़े पैमाने पर देश में फैला है। किसान खेती से बेरुखी भी करते जा रहे हैं। सवाल यह है कि कैसे कृषि को किसानों के लिए लाभकारी बनाया जाए? कैसे ऊंची लागत को कम किया जाए और कैसे उत्पादकता में तेजी से हो रही कमी की खाई को पाटा जाए।

स्वाभाविक ही है कि इसके लिए कृषि को संस्कृति की समग्रता के रूप में स्वीकार करते हुए इस पर पर्याप्त ध्यान देने की आज सर्वाधिक आवश्यकता है। यह वह समय है जब खेती की जमीनें निरंतर कम होती जा रही है, उत्पादन की लागत तेजी से बढ़ती जा रही है और इसी से खेती से भी वास्तविक किसान निरंतर दूर होते जा रहे हैं। किसान का लेबल उन लोगों के साथ लग रहा है जो मूलतः किसान नहीं हैं, पर इसमें फायदे का सौदा देखकर इसे बड़े पैमाने पर अपना रहे हैं। इससे जो बड़ी समस्या खेती-किसानी की पैदा हुई है, वह यह है कि खेती केवल मुनाफे के उद्देष्य से की जाने लगी है। यह नहीं देखा जा रहा कि अधिक पैदावार लेने के लालच में मिट्टी की उर्वराा शक्ति खत्म हो रही है, रासायनिक उर्वरको के बेजा इस्तेमाल से बीमारियां घर-घर दस्तक दे रही है और पानी की निरंतर कमी होती जा रही है।

यह सही है, खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से भले अभी कोई बड़ा संकट हमारे समक्ष नहीं है परन्तु विष्व की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले हमारे देष के बरक्स उत्पादन आने वाले वर्षों में इस कदर कम रहने वाला है कि खाद्यान्न के बड़े संकट से देश को जूझना पड़े तो इसमें कोई अचरज नहीं होगा। यह बात इसलिए कि जब खेती वास्तविक किसान नहीं करके व्यापार से जुड़े लोग कर रहे हैं तो जैसे ही खेती वाली जमीन उनके लिए लाभ का सौदा नहीं रहती तो वे जमीनों को किसी अन्य प्रयोजन से बेच-बाचकर अन्यत्र लाभ का सौदा करते हैं, इसी से जमीनों का धंधा तेजी से चल रहा है।

असल में कृषि हमारे यहां आज भी प्राथमिकता क्षेत्र में नहीं है। खेती से संबंधित विभाग राज्यों में बने हुए हैं परन्तु उनके अंतर्गत बरसों से चली आ रही योजनाओं के अंतर्गत अनुदान और कुछेक किसान मेले, आयोजन भर किए जाते रहे हैं। बदलते समय के अनुसार किसानों की आवश्यकताओं, उनकी समस्याओं और खेती से उनके निरंतर विलग होते जाने पर कहीं कोई ध्यान नहीं है। इससे बड़ा इसका उदाहरण और क्या होगा कि प्रतिदिन के समाचार पत्रों में हजारो एकड़ भूमि के गांवों की खेती की जमीन को आवासीय प्रयोजन से काटकर वहां मल्टीस्टोरी वातानुकूलित मकानों के सपने विज्ञापन के रूप में बेचे जा रहे हैं। कहीं इस ओर कोई सोच शायद बड़े स्तर पर नहीं है कि आवासीय प्रयोजन से भू रूपानतरण से पहले उस जमीन पर बड़े स्तर पर खेती होती रही है। माने खेत लीलकर आवास या फिर उसमें निवेश के सुनहरे सपनों का व्यापार धड़ल्ले से चल रहा है परन्तु इस पर कहीं कोई चिंतन नहीं है कि कैसे आने वाले समय में इन कम हुए खेतों की फसल की भरपाई आबादी के लिए हो पाएगी।

यह सही है, खेती हमारे यहां मानसून का जुआ है परन्तु इतना ही सच यह भी है कि यदि खेती की जमीनों की ढंग से सार-संभाल हो, सिंचाई के साधनों का विकास हो और वर्षाजल संरक्षण के परम्परागत जल स्त्रोतों की ओर हम ध्यान दें और इस संबंध में कोई सुनियोजित नीति पर देशभर में कार्य हो तो खेती के दिन भी फिर सकते हैं। विडम्बना यह भी है कि खेती से जुड़ी तमाम योजनाओं का मूल इस समय बड़े किसान है। छोटे और मंझले किसानों को उनके उत्पादन के विपणन के लिए कहीं कोई योजना नहीं है। दूसरी बड़ी समस्या यह भी है कि जलवायु परिवर्तन से जो संकट खेती के समक्ष जुड़ता जा रहा है, उस पर भी कहीं कोई ध्यान नहीं है। भूजल के निरंतर छीजते चले जाने और भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होते जाने पर समय रहते ध्यान दिया जाना जरूरी है। अच्छा होता इस संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर किसी बड़ी नीति की भी पहल हो।

देशभर में खेती को जलवायु परिवर्तन के संकटो से बचाने के लिए किए जाने वाले उपायों पर इस समय व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है। कैसे खेती लाभकारी हो, इस पर भी संवाद सभी स्तरों पर हो और सबसे जरूरी यह भी है कि जमीनों का जो धंघा खेतों को लील कर चलाया जा रहा है, उसके बारे में भी व्यापक स्तर पर मंथन कर कोई नीति बनाई जाए। कृषि संस्कृति के प्रसार के लिए क्यों नहीं देशभर में एक मुहिम ही चलाई जाए।

– डॉ. अरुणा व्यास

# ब्रिटेन के मंत्री तारिक अहमद पहली बार अपने ननिहाल जोधपुर आए

- **मेहरानगढ़ किले को देखकर अभिभूत हुए तारिक अहमद**
- **एनजीओ में महिलाओं से मिले तारिक अहमद, ट्वीट किया-सलाम जोधपुर**

**जोधपुर,** (कासं)। ब्रिटेन में मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका, दक्षिण एशिया और यूनाइटेड किंगडम के संयुक्त राष्ट्र राज्य मंत्री तारिक अहमद पहली बार अपने ननिहाल जोधपुर आए। वे इससे पहले भारत तो कई बार आ चुके हैं, लेकिन अपनी मां के मूल शहर को देखने का मौका पहली बार मिला। यहां मेहरानगढ किले की हिस्ट्री और रिस्टोरेशन वर्क को देखकर वह आश्चर्यचकित रह गए।

इसके बाद संभली ट्रस्ट में महिलाओं से बात की और उनके आर्ट वर्क को नजदीक से देखा। उनके दल में स्टीफन हिक्लिंग (ब्रिटिश डेप्युटी हाई कमिशन, गुजरात एवं राजस्थान) और उन के कार्यलय से साथी, एंड्रयू जैकसन (डेप्युटी डायरेक्टर एचएमजी इंडिया कोऑर्डिनेटर व जोधपुर उत्तर के महापौर कुंती देवडा भी रही। मंत्री तारिक अहमद ने खुद ट्वीट करते हुए लिखा मेरी मां ने 76 साल पहले अपना शहर छोडा था, अब मैं अपने ननिहाल में पहली बार आया हूं–सलाम जोधपुर। उन्होंने अपने अधिकारियों के साथ उमेद पैलेस और मेहरानगढ़ का हस्तशिल्प देखा। यहां के इतिहास और आर्ट रिनोवेशन वर्क को देख कर खुशी जताई। ब्रिटेन के राज्यमंत्री का उम्मेद भवन पैलेस में पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया उन्होंने यहां पहुंचते ही लिखा सलाम जोधपुर। पांच दिन की भारत यात्रा में वह जोधपुर के साथ ही नई दिल्ली और हैदराबाद में रुकेंगे। यहां 3 पॉइंट पर भारत के साथ एग्रीमेंट हो सकता है।

इमर्जिंग वुमन लीडर्स प्रोग्राम के तहत उन्होंने जोधपुर के संभाली ट्रस्ट में स्वयंसेवी संगठनों से जुडी महिलाओं से बातचीत की। वुमन लीडर्स के लिए संभली ट्रस्ट में महिलाओं से मिले। मंत्री अहमद ने इमर्जिंग वुमन लीडरशिप के लिए जोधपुर के संभली ट्रस्ट में महिलाओं से मुलाकात की। सहसंस्थापक मुक्ता कुमारी ने जोधपुरी पारंपरिक गीतों, ढोल-थाली, कुमकुम लगा कर, माला पहना कर स्वागत किया। संस्था के संस्थापक गोविंद सिंह राठौड ने ट्रस्ट में चल रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, बालिका शिक्षा कार्यक्रम एवं लैंगिक अल्पसंख्यक समाज की पीडाओं एवं उसके लिए ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं मुश्किलों के निवारण की प्रक्रिया से अवगत करवाया। ब्रिटेन के राज्यमंत्री तारिक अहमद ने संभली ट्रस्ट में महिलाओं के आर्ट वर्क को बारीकी से देखा और कई सवाल किए।

संस्था की अधिवक्ता शिवानी सिंह, रीमा गुप्ता क्वात्रा, मनोचिकित्सक डॉ. दीप्ति राजोत्य ने बताया की ट्रस्ट द्वारा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ एक निर्भया हेल्पलाइन नंबर है जिसे वर्ष 2014 से उपयोग में लिया जा रहा है, इस हेल्पलाइन के माध्यम से महिलाओं को कानूनी सहयोग वह मनोचिकित्सक सेवाएं प्रदान की जाती है।

ट्रस्ट की विमलेश सोलंकी ने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने एवं बाल यौन हिंसा के रोकथाम पर ट्रस्ट के कार्यक्रमों से अवगत करवाया। लैंगिक अल्प संख्यक समुदाय के सशक्तिकरण एवं समय से मुख्यधारा से जोडने संबंधित कार्यों की जानकारी राहुल चौहान ने दी। मंत्री अहमद ने महिलाओं से कई सवाल भी पूछे। संभली ट्रस्ट के ट्रस्टी वीरेंद्र सिंह चौहान ने कोरोना में संस्था द्वारा किए गए कार्यों एवं प्रथम राशन बैंक का विवरण दिया।

# नवनिर्मित भारतीय संसद में कोटपूतली के ग्राम भैंसलाना के ब्लैक मार्बल का इस्तेमाल

- **कोटपूतली के भैंसलाना का ब्लैक मार्बल विश्व प्रसिद्ध है**
- **यूरोप समेत खाड़ी देशों में ब्लैक गोल्ड के नाम से है सुप्रसिद्ध भैंसलाना का ब्लैक मार्बल**
- **संसद के निर्माण में 500 टन से अधिक ब्लैक मार्बल का हुआ है इस्तेमाल**
- **उदयपुर के मूर्तिकारों ने इस काले मार्बल पर बेहद उम्दा नक्काशी का कार्य कर भारतीय संसद को नये रूप में उकेरा है**

**कोटपूतली,** (निसं)। नवनिर्मित भारतीय संसद के निर्माण में कोटपूतली जिले के ग्राम भैंसलाना के ब्लैक मार्बल के इस्तेमाल ने ना केवल भैंसलाना बल्कि पूरे कोटपूतली जिले को राजस्थान के साथ-साथ देश भर में सुर्खियों में ला दिया है।

उल्लेखनीय है कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राजधानी नई दिल्ली में देश की नई संसद का उद्घाटन किया। जिसमें राजस्थान के 6 जिलों से लाई गई वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है। इसमें अशोक स्तम्भ के निर्माण के साथ-साथ पत्थरों की नक्काशी का कार्य आबु रोड़ व उदयपुर के मूर्तिकारों ने किया है। वहीं लगभग दो वर्षों तक चले संसद भवन के निर्माण में अलग-अलग चरणों में 40 ट्रकों में भरकर यहां के ग्राम भैंसलाना से 500 टन से अधिक ब्लैक मार्बल नई दिल्ली भिजवाया गया। इस मार्बल को खानों से निकालने के बाद चिराई के लिए पहले अजमेर के किशनगढ़ फिर वहां से नई दिल्ली भेजा गया। जहां संसद भवन में अलग-अलग वस्तुओं के निर्माण के साथ-साथ मूर्तिकारों ने इस ब्लैक मार्बल में नक्काशी का कार्य किया है। जिससे भवन की खुबसूरती काफी बढ़ गई है। यह ब्लैक मार्बल नये संसद की शान बढ़ा रहा है जो क्षेत्रवासियों के लिए बेहद गर्व का विषय है।

**मुगलकालीन है इतिहास :** यहां से करीब 15 किमी दूर स्थित भैंसलाना ग्राम की उक्त खानों का इतिहास मुगलकालीन है। उदयपुर के मूर्तिकारों ने इस काले मार्बल पर बेहद उम्दा नक्काशी का कार्य कर भारतीय संसद को नये रूप में उकेरा है। कोटपूतली के ऐतिहासिक गांव चतुर्भुज जो कि यहां से महज 05 किमी की दूरी पर स्थित है। वहां स्थित चतुर्भुज भगवान मंदिर में बनी मूर्ति का निर्माण भी इसी काले मार्बल से हुआ है।

बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1567 में हुआ था। क्योंकि चतुर्भुज गांव से ही साहबी नदी बहती है जिस पर मुगल बादशाह अकबर ने बांध बनाने का प्रयास किया था एवं विफल रहा था। इसी के बाद चतुर्भुज में मंदिर का निर्माण हुआ। इसी ब्लैक मार्बल से अन्य स्थानों पर जैसे मनोहरपुर में भी भगवान चतुर्भुज के मंदिर एवं वामन भगवान का मंदिर बनाया गया है। अन्य स्थानों पर भी इसी ब्लैक मार्बल से मंदिर व मूर्ति निर्माण का उल्लेख है जो इसकी विशिष्ट पहचान है। विशेष चमक एवं काले चटक रंग के कारण यह ब्लैक मार्बल अलग ही छटा बिखेरता है। इसलिए इसे ब्लैक गोल्ड भी कहा जाता है।


कैल्शियम की अधिक मात्रा होने के कारण यह काफी नरम होता है जो नक्काशी के दौरान औजारों के उपयोग से टुटता नहीं है एवं मूर्तिकार इसे मनचाहा रूप दे सकते है। घिसाई के बाद भी इस पर चमक रहती है। मार्बल की यह भी विशेषता है कि निरन्तर सफाई करने से इसकी चमक बढ़ती है, जिसकी वजह से इससे पत्थर की मूर्तियां, टेबल, शिलालेख, स्तम्भ व शिवलिंग आदि भी बनाये जाते है।

**ब्लैक गोल्ड के रूप में है पहचान :-** भैंसलाना का यह ब्लैक मार्बल राजस्थान के मकराणा स्थित सफेद मार्बल की तरह दुनिया भर में ब्लैक गोल्ड के रूप में पहचान बना चुका है। जो कि विशेष तौर पर यूरोप सहित खाड़ी देशों में काफी लोकप्रिय है। ब्लैक मार्बल की चट्टानों को भैंसलाना की खानों से निकालने के बाद ब्लॉक के रूप में अजमेर के किशनगढ़ से चिराई कर गुजरात के कांडला पोर्ट द्वारा खाड़ी देशों में भेजा जाता है। इस व्यवसाय से बड़ी संख्या में भैंसलाना के युवा भी जुड़े हुए है। स्थानीय मार्बल व्यवसायी धर्म सिंह शेखावत का कहना है कि देश की सबसे बड़ी पंचायत में भैंसलाना के काले मार्बल का उपयोग स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ पुरे कोटपूतली वासियों के लिए गर्व की बात है।

नई संसद में जब सांसद बैठेंगे तो इस बात का गर्व हम सभी को होगा। भारतीय संसद देश की पहचान को दुनिया भर में मजबुत करती है। ऐसे में इसकी सुन्दरता को बढ़ाने वाले ब्लैक मार्बल की प्रसिद्धि बढ़ेगी तो इसका लाभ भैंसलाना के मार्बल व्यापारियों को भी मिलेगा।

इसके लिए ग्रामीण धर्म सिंह शेखावत समेत विक्रम सिंह, शम्भु सिंह, घम्मन यादव, सत्यवीर, हेमराज सिंह, सुमेर, गोविंद सिंह, आकाश पारीक व गजेन्द्र सिंह आदि ने पीएम मोदी का आभार जताया है।

## राशिफल मंगलवार 30 मई, 2023



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, हस्त नक्षत्र बुधवार प्रातः 6:00 तक, सिद्धि योग रात्रि 8:54 तक, गर करण दिन 1:09 तक, चन्द्रमा कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरू-मेष, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग और कुमार योग सम्पूर्ण दिन-रात है। भद्रा रात्रि 1:28 से बुधवार दिन 1:47 तक रहेगी। शुक्र कर्क राशि में सांय 7:39 पर प्रवेश करेगा। आज गंगा दशमी, मटुक भैरव जयन्ती, श्री रामेश्वर प्रतिष्ठा दिवस यात्रा दर्शन पूजा है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:01 से 10:43 तक, लाभ-अमृत 10:48 से 2:06 तक, शुभ 3:48 से 5:29 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:38, सूर्यास्त 7:11

### मेष
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। परिवार में चल रही स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष
परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### मिथुन
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### कर्क
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। परिवार में अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

### कन्या
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मन में असंतोष रहेगा।

### वृश्चिक
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।

### कुंभ
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### मीन
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

## पेड़ों की कटाई रुकवाने के लिये ज्ञापन दिया

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना पालिका क्षेत्र के वार्ड नं. 07 के खसरा नंबर 434, 435 विवादित भूमि पर बरगद के हरे पेड़ो की कटाई रुकवाने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता जुगल किशोर ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर हरे पेड़ों की कटाई को रुकवाने की मांग की है। जुगल किशोर ने ज्ञापन में लिखा है कि वार्ड नं. 07 स्थित तालाब के पास खसरा नं. 434, 435 विवादित भूमि का जनहित को ध्यान में रखते हुए कई न्यायालयों में मुकदमे चल रहे है। उक्त भूमि के दस्तावेजों में फेर बदल कर नगर पालिका उपाध्यक्ष अपने पद का दुरुप्रयोग करते हुए अपने बेटे के नाम सहित अन्य के नाम से उक्त भूमि के चार पट्टे जारी कर लिए गए, जिसकी लिखित शिकायत भी की गई। उक्त भूमि में महेश मेगोतिया, राजेंद्र शर्मा, हरलाल बिजारणियां, शिंभूदयाल अग्रवाल (चिपलाटा वाला), सत्यनारायण शर्मा वर्षों पुराने हरे बरगद व पीपल के पेड़ों की कटाई की कोशिश कर रहे है। हिंदू धर्म में बरगद व पीपल के पेड़ों की पूजा की जाती हैं। पेड़ों की कटाई से धार्मिक भावना आहत हो सकती हैं। वर्षों पुराने पेड़ों की कटाई होने से रोका जाएं एवं सभी लोगों को लिखित नोटिस देकर पाबंद किया जाए।

# टोडा चौकी इंचार्ज के खिलाफ ग्रामीणों ने जयपुर पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंपा

**पाटन,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत टोडा के राजस्व ग्राम कालाकोटा के ग्रामीणों ने महानिरीक्षक जयपुर को ज्ञापन सौंपकर टोडा पुलिस चौकी इंचार्ज को हटाने की मांग की है।

मामले के अनुसार टोडा, कालाकोटा, तेलीवाला, रामल्यास गांव के अंदर से जा रहे खदानी ओवर लोड डंपरों को रोकने की मांग पर अड़े हैं, क्योंकि इन डंपरो से आए दिन दुर्घटनाएं घटती रहती है। 24 मई को डंपर से पत्थर गिरने पर एक बालिका बाल-बाल बच गई थी, जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ओवरलोड वाहनों को रुकवा दिया था। बाद में परिवहन विभाग द्वारा चालान काट कर कार्रवाई की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस चौकी इंचार्ज मोहनलाल स्वामी विगत पांच वर्षों से टोडा चौकी में जमा हुआ है तथा खान माफियाओं के इशारे पर ओवरलोड वाहनों का संचालन करता है। खान माफियाओं के हिसारों पर ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज अभद्र व्यवहार करते हैं। ओवरलोड



महानिरीक्षक जयपुर को ज्ञापन सौंपने आये कालाकोटा के ग्रामीण।

वाहनों से आए दिन गांव में पत्थर गिरते हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। ग्रामीण जब इसकी शिकायत लेकर पुलिस चौकी पहुंचते हैं तो पुलिस चौकी इंचार्ज एफ आई आर दर्ज करने के बजाय ग्रामीणों को ही डांट फटकार कर भगा देते हैं।

ग्रामीणों ने पुलिस चौकी इंचार्ज को हटाने व ओवरलोड डंपरो को बंद करवाने को लेकर पुलिस महा निरीक्षक जयपुर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने वालों ने बताया है की इस मौके पर

■ **ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस चौकी इंचार्ज मोहनलाल स्वामी विगत पांच वर्षों से टोडा चौकी में जमा हुआ है तथा खान माफियाओं के इशारे पर ओवरलोड वाहनों का संचालन करता है**

पुलिस महानिरीक्षक ने जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर रोहिताश बटार ,कानाराम गुर्जर, कृष्ण गुर्जर द्वारा आई जी जयपुर को ज्ञापन दिया गया। पूर्व में भी ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी, पुलिस अधीक्षक सीकर एवं स्थानीय नेताओं को भी अवगत करवा दिया था उसके बावजूद भी जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो मजबूरन ग्रामीणों को जयपुर आईजी से मिलना पड़ा।


## पौधों का वितरण किया जाएगा

**चूरू,** (कासं)। जिले में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में संचालित साण्डवा, गोपालपुरा, भालेरी, मेघसर, तारानगर, सरदारशहर, बन्धनाऊ, साडासर, पीएमसी चूरू, नेचर पार्क चूरू, गाजसर, राजलदेसर, रतनगढ़, राजगढ़, बीड़ लीलकी, चांदगोठी पौधशालाओं में 1 जून से 21 लाख पौधों का वितरण किया जायेगा। उपवन संरक्षक सविता दहिया ने बताया कि नर्सरियों का समय सवेरे 9 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। वन विभाग द्वारा 6 एवं 12 माह के पौधे तैयार किये जा रहे हैं, जिन्हें विभिन्न विभागों, कंपनियों, स्वयंसेवी संस्थाओं को क्रमशः 9 रुपये तथा 15 रुपये प्रति पौधा की दर से उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा 8.50 लाख पौधे व्यक्तिगत लाभार्थियों को निर्धारित शुल्क 2 रुपये 1 से 10 पौधे तक, 5 रुपये 11 से 50 पौधे तक, 10 रुपये 51 से 200 पौधे तक प्रति पौधा की दर से वितरित किया जाएगा। व्यक्तिगत लाभार्थियों को जन आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि वन मण्डल चूरू में संचालित नर्सरियों से सम्बन्धित किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी के लिए घनश्याम सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

**सार-समाचार**

## सोनू को वॉलीबाल टीम की कमान

**सादुलपुर,** (निसं)। हुगली पश्चिम बंगाल में 28 मई से ०1 जून तक आयोजित होने वाली 45वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबाल प्रतियोगिता में कत्पानी हमीरवास के सोनू सांगवान को सौंपी गई है। जिला वॉलीबाल संघ के सचिव नरेश सांगवान ने बताया कि वहीं आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में चूरू जिले के हमीरवास गाँव के सोनू सांगवान तथा बींजावास के आशीष पूनियां का चयन हुआ है। वहीं छात्रा वर्ग में बैरासर छोटा की प्रसन्ना पूनियां, मोरथल की रंजना तथा जिगसाणा की अरबिना का राष्ट्रीय सब जूनियर वॉलीबाल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। वहीं जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खिलाडियों ने प्रशिक्षक प्रवीण शर्मा, प्रभूदयाल तथा रणवीर सिंह से प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा टीम पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर वॉलीबाल संघ के अनिल सांगवान, रमेश पूनियां, अरविन्द कुमार, राकेश, अजय पूनियां, रामअवतार गोदारा, सोमवीर दडिया आदि ने खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। संघ के सचिव नरेश सांगवान ने बताया कि सोनू सांगवान, आशीष पूनियां, प्रसन्ना पूनियां व रंजना ने चन्दगीराम अकेडमी बैरासर छोटा के कोच महेन्द्र सिंह एवं कोच अरविन्द कुमार से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।




**MANAPPURAM FINANCE LTD.**

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.06.2023 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

चूरू, सुजानगढ, 135090700013741, 3752, 3767, 3769, 3771, 3832, 3833, हनुमानगढ, नोहर राजस्थान, 135640700025428, 5524, 5608, 135640730045772, पिलीबंगन, 135180700029907,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 9072604049 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.


# बालाजी महाराज मंदिर के प्रांगण में भाजपा ने सफाई-अभियान शुरू किया


बालाजी महाराज मंदिर के प्रांगण में सफाई करते भाजपा पदाधिकारी।

**मलसीसर,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के ऐतिहासिक एवं सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडावा विधानसभा क्षेत्र के मलसीसर ग्रामीण मंडल के गांव टमकोर में स्थित आचार्य महाप्रज्ञ के तपोभूमि पर बालाजी महाराज मंदिर के प्रांगण में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया के नेतृत्व में सफाई-अभियान को शुरु किया गया।

ढूकिया ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन अभियान "जन आंदोलन" का रुप ले चुका है। समाज के विभिन्न वर्गों को आगे आकर स्वच्छता के जन अभियान में हिस्सा लेना चाहिए एवं स्वच्छता मानव सभ्यता का एक श्रेष्ठ संस्कार है।

■ **स्वच्छता मानव सभ्यता का एक श्रेष्ठ संस्कारः ढूकिया**

इस अवसर पर जिला कार्यसमिती सदस्य भवानीसिंह शेखावत, रघुवीरसिंह धतरवाल, कृष्ण कुमार प्रजापत, सत्यवीर सिंह राठौड़, विजय कुमार जांगिड़, सत्यनारायण रेपसवाल, देवेंद्र महला, तुलसीराम प्रजापत, विमल चौरड़िया, महावीरप्रसाद धानक, सुभाष शर्मा, संतोष शर्मा, रिछपाल शर्मा, करणी सिंह राजपूत, विकास राका, सुनिल धतरवाल, विक्रम नायक, महेश नायक, बद्री प्रसाद जांगिड़, विकास शर्मा, केदारमल प्रजापत, सुरेश शर्मा, ओमप्रकाश मीणा, सुभाष सहारण, अमरचंद प्रजापत, रोहिताश कालेर व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान में सहयोग किया।

## आरोपी को जेल भेजा

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ कस्बे में लिव इन रिलेशनशीप में रह रही युवती को आत्महत्या के लिए मजूबर करने के आरोप में युवती के फांसी के फंदे पर झुलकर आत्महत्या करने के प्रकरण में राजगढ थाना पुलिस ने आरोपी मोहम्मद को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है। अनुसंधान अधिकारी डीवाईएसपी ओमप्रकाश गोदारा ने बताया कि राजगढ कस्बे में लिव इन में रह रही युवती ज्योति द्वारा आरोपी मोहम्मद मुजाहिद के तंग व परेशान करने के आरोप में अपने मकान पर फाँसी का फंदा लगा कर आत्महत्या करने के आरोप का मामला राजगढ थाने में दर्ज हुआ था। जिस पर आरोपी मोहम्मद मुजाहिद पुत्र उम्मेद खाँ काजी निवासी वार्ड 24 कस्बा राजगढ को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहाँ से अदालत के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि रामुराम पुत्र सोहनराम मोची उम्र 48 साल निवासी मोमासर पुलिस थाना डूंगरगढ जिला बीकानेर ने 26 मई शुक्रवार को राजगढ थाने में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया था।

# खिलाड़ियों के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया


राष्ट्रपति के नाम एडीएम भागीरथ साख को ज्ञापन देते स्थानीय लोग।

**सुजानगढ़,** (निसं)। जनहित संघर्ष मोर्चा व जनहित कर्मचारी मोर्चा के बैनर तले दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दे रही महिला पहलवानों पर रविवार को हुए लाठीचार्ज के विरोध में सोमवार को उपखण्ड कार्यालय से एडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर घटना का विरोध जताया गया। एडीएम को राष्ट्रपति के नाम दिये गये ज्ञापन में दिल्ली पुलिस के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खिलाडियों को न्याय दिलाने की मांग की गयी।

सैंकडो लोगो ने कहा कि पदक विजेता खिलाडियों के साथ पुलिस द्वारा की गयी बर्बरता संविधान के खिलाफ है। इस मौके पर एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, रामनारायण रूलाणियां, बनवारी बिजारणियां, तेजपाल गोदारा, किशनलाल छंरग, दीनदयाल गुलेरिया, गुरूदेव गोदारा, भंवरलाल पांडर, पूनमचंद मेघवाल, गजानंद प्रजापत, महबूब बडगुजर, चांदमल छंरग सहित बडी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।


**प्रारूप-10**

(नियम 6(7) देखिए)

**कार्यालय नगरपालिका भादरा, जिला-हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांक :- नपाभा/भूमि/2022-23/942 दिनांक 26.05.2023

**-: लोक सूचना :-**

श्री सुरेन्द्रसिंह पुत्र श्री नत्थूसिंह जाति राजपूत निवासी भादरा तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (संस्थागत) उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थातः-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ | चक 05 बीएचडी | मुरब्बा नं. 44 के किला नं. 2/4, 3/6, 4/5, 7/2, 7/3, 8/2 9/2 में से कुल 0.2840 है. यानि 813.60 मीटर है | कुल- 8754.33 वर्गफुट वर्गमीटर- 813.60 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूवीक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आदिनांक .......... को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, भादरा**


# कलेक्टर ने कॉलेज भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया


जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने जिला मुख्यालय पर बन रहे मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर बन रही मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज के प्रोजेक्ट के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।

इसी दौरान उन्होंने बीडीके अस्पताल परिसर में बन रहे मेडिकल अस्पताल की बिल्डिंग का निरीक्षण किया एवं गुणवत्ता जांच रजिस्ट्रर एवं अन्य दस्तावेजों की भी जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता निरीक्षण एवं कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने समसपुर में बन रहे मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्टल्स के भवन निर्माण का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम जेपी गौड़ सहित प्रोजेक्ट से जुड़े संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने शिविरों का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महंगाई राहत कैंप के शिविरों में आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है। एक ही जगह एक ही जनआधार नंबर से 10 योजनाओं तक का लाभ अपने आप में अनूठा है। शिविरों की व्यवस्थाओं का स्वयं जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। सोमवार को जिला कलेक्टर ने नवलगढ़ ब्लॉक के राणासर एवं तोगड़ा में आयोजित महंगाई राहत कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड भी वितरित किए। जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक इस शिविर में अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं और अन्य प्रशासनिक स्तर के कार्य भी प्रशासन गांवों के संग अभियान में करवा सकते है। जिला कलेक्टर ने इस दौरान राणासर के आंगनबाडी केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने सैनेटरी नेपकिन, पोषाहार की आपूर्ति एवं उसके वितरण की भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान नवलगढ़ एसडीएम सुमन सोनल भी मौजूद रही।

# भाजपा शहर मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**रतनगढ़,** (निसं)। भाजपा शहर मंडल रतनगढ की कार्यसमिति की बैठक पंडितपुर के निजी भवन में रविवार को शहर मंडल अध्यक्ष अरविन्द इंदौरिया के नेतृत्व में आयोजित हुई।

भारत माता व महापुरुषों के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि के साथ शुरू हुई बैठक में मंडल प्रभारी नरेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल में देश के विकास में अभूतपूर्व निर्णय लिये गये हैं, उसी का परिणाम है कि आज पूरा विश्व समुदाय भारत की ओर ध्यान से देख रहा है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीनदयाल पारीक ने संगठन की रीति- नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि संकल्प के साथ कार्यकर्ता लक्ष्य लेकर चलेंगे तो आने वाले समय में निश्चित ही मंजिल मिलेगी। मंडल अध्यक्ष इंदौरिया ने कहा कि प्रदेश की गहलोत सरकार भ्रष्टाचार की चाशनी में नीचे तक डूबी हुई है। बैठक में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शिवभगवान कम्मा, सरपंच हरिप्रसाद दायमां, भाजपा नेता गिरधारीलाल खीचङ, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मोहनलाल बबेरवाल ने भी विचार व्यक्त किये।



पंडितपुर के निजी भवन में आयोजित बैठक को शहर मंडल अध्यक्ष अरविन्द इंदौरिया ने संबोधित किया।

बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव का वाचन मंडल उपाध्यक्ष रमेश कुमार पारीक ने किया, जिसका समर्थन सभी कार्यकर्ताओं ने किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 101 वां संस्करण कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ सुना। इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मदनलाल सैनी, महामंत्री भरत सैनी व पन्नालाल नवल, उपाध्यक्ष मनोज हारित, मंत्री नारायण दायमां, बंशीधर स्वामी, हनुमान बारवाल, लिखमीचंद जांगीङ, कोषाध्यक्ष चतुर्भुज सैनी, वासुदेव चाकलान, पूर्णमल दादरवाल, दीनदयाल सोनी, शंकरलाल कम्मा, राजकुमार सोनी, नूर मोहम्मद, धनराज इन्दौरिया, ओमप्रकाश सैनी, मनोज प्रजापत, प्रह्लाद सैनी सहीत कयी कार्यकर्ता उपस्थित थे।संचालन मंडल महामंत्री रामकिशन माटोलिया ने किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गुगलवा पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-ग्राप/गुगलवा/ई-निविदा/2023-24 दिनांक 23.05.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2023-24**

महानरेगा एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनान्तर्गत निर्माण सामग्री क्रय हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रो-क्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट www.eproc.raj.gov.in पर ई निविदा सं. 01 दिनांक 25.05.2023 सायं 5 पी.एम. से ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण तथा शर्ते www.sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.raj.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

ई निविदा- UBN. ZCR2324GLOB00230

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत गुगलवा**
**पंचायत समिति, राजगढ़ (चूरू)**


## एक माह तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला परिषद स्थित सांसद कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सांसद नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर उनकी जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए भाजपा 30 मई से 30 जून के मध्य अनेक कार्यक्रम करेगी। सांसद नरेंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता 25 जून से 30 जून के मध्य घर घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जिले की प्रत्येक विधानसभा स्तर पर व्यापारी सम्मेलन तथा मंडल स्तर पर लाभार्थी सम्मेलन तथा जिला स्तर पर प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं आमजन सभा का आयोजन करेगी। मावंडिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उनके 9 वर्ष के कार्यकाल में भारत देश विश्व शक्ति के रूप में उभर कर सामने आया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह को 36वीं पुण्यतिथि पर नमन किया

**नवलगढ़,** (निसं)। कस्बे के किसान छात्रावास में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों मसीहा चौधरी चरणसिंह की 36वीं पुण्यतिथि मनाई गई। चौधरी चरणसिंह विचार मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सर्वसमाज के सैंकड़ों लोगों ने छात्रावास परिसर में लगी चौधरी चरणसिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। चौधरी चरणसिंह अमर रहे के नारों से परिसर गूंज उठा।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक हनुमानप्रसाद, शिवकरण जानूं, कृषि उप निदेशक विजयपाल कस्वां, पवन पूनियां, केडी यादव बतौर अतिथि मंचस्थ रहे। वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह द्वारा किसानों, वंचितों, शोषितों व देश के विकास में आर्थिक सुधारों के लिए किए गए योगदान के बारे में विस्तार से बताया। कृषि वैज्ञानिक हनुमानप्रसाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश


नवलगढ़ कस्बे के किसान छात्रावास में पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरणसिंह की पुण्यतिथि मनाई।

के मेरठ जिले के हापुड़ में साधारण किसान परिवार में सन् 1902 में जन्मे चरणसिंह ने विज्ञान से स्नातकोत्तर व कानून की पढ़ाई पूरी कर देश सेवा में लग गए। चौधरी चरणसिंह ने ही देश की खुशहाली का रास्ता खेत खलिहानों से होकर गुजरता है का नारा दिया था।

इस अवसर पर गोमाराम दतुसलिया, कालूराम झाझड़िया, गंगाधर सुंडा, वीएस झाझड़िया, भाजपा नेता विक्रमसिंह जाखल, वीरपालसिंह शेखावत, सैनी समाज संस्था अध्यक्ष सुरेंद्र फूलवाला, राजेश कटेवा, अनिल दूत, ओमेंद्र चारण, राजूलाल मील, लोहार्गल सरपंच जगमोहनसिंह, टोडपुरा सरपंच भंवरसिंह धींवा, पबाणा सरपंच विजेंद्र डोटासरा, डूंडलोद सरपंच हरफूलसिंह पूनियां, खिरोड़ सरपंच महावीरसिंह भामू, घोड़ीवारा सरपंच रघुवीरसिंह झूरिया, सोटवारा सरपंच प्रतिनिधि राहुल चौधरी, जिप सदस्य बीरबलसिंह गोदारा, पंसस प्रताप पूनियां, रामनिवास डूडी, अनिल जाखड़, सुभाष लांबा, लक्ष्मण स्वामी, सुनील जाखड़, ओमप्रकाश ढाका, नरेंद्र गहलोत, सुरेंद्र ख्यालिया, रामसिंह दूलड़, पूरणसिंह आजाद, बलदेव थोरी, हितेश थोरी, विकेश कुलहरि, विजेंद्र सुंडा, श्रीचंद नेहरा, भंवरसिंह भास्कर, योगेंद्र मिश्रा, मुरली चोबदार सहित सर्वसमाज के लोग मौजूद रहे। संचालन अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी उम्मेदसिंह महला ने किया।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहितओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्ग्रीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 31099348 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. रमेश कुमार स्वामी 2. फूल चन्द स्वामी 3. रीना स्वामी | 13.05.2023 | 3,71,997.48/- | पट्टा नं. 2370, वार्ड नं. 05, क्षेत्रफल 189.11वर्गगज अर्थात 1702 वर्ग फिट, हीरालाल जी मंदिर के पास, ग्राम व ग्राम पंचायत मऊ, पंचायत समिति श्री माधोपुर, जिला सीकर, राजस्थान-332715 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-उत्तर-नरेन्द्र सिंह जी और कालू सामोता का मकान, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-फूली देवी पत्नी बाबूलाल स्वामी का मकान, पश्चिम-भंवर सिंह/गजेन्द्र सिंह का मकान |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अथोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
दिनांक- 30.05.2023
स्थान- सीकर

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

# बरसात से गुरू जम्भेश्वर नहर तीन जगह से टूटी, नूरे की भुर्ज व राणेरी में सड़कें बही

## बाप उपखंड अधिकारी ने प्रभावित गांवों का दौरा कर हालातों का जायजा लिया



बाप के कालू खां की ढाणी के पास बरसाती नदी में सड़क बह गई।

- बाप क्षेत्र में आए तूफान ने काफी तबाही मचाई
- काफी संख्या में मवेशी भी मर गए, पक्षी भी बड़ी तादाद में काल कलवित हुए

**बाप,** (निसं)। बाप क्षेत्र में रविवार को दोपहर बाद आए तूफान ने काफी तबाही मचाई है। जगह-जगह पेड़ व विद्युत पोल गिरे पड़े हैं। ढाणियों व खेतों में बने छोटे-छोटे छप्पर में एक भी सही नहीं बचा। मवेशी भी काफी संख्या में मर गए है। पेड़ों पर शरण लिए पक्षी भी बड़ी तादाद में काल कलवित हुए हैं। गांवों में बिजली गुल है। जिससे लोगों की परेशानी दोहरी हो गई है। डिस्कॉम की टीमें बिजली तंत्र को दुरस्त करने में जुटी हुई है। तूफान का असर समूचे बाप क्षेत्र में था। लेकिन सोमवार सुबह जो तस्वीरें सामने आई उसमें राणेरी, सोनलपुरा, नूरे की भूर्ज व इनके आसपास के क्षेत्र में सबसे अधिक तबाही नजर आई। भारी बरसात से गांवों की सड़कें पूरी तरह से पानी में बह गई। 3 से 4 वाहन भी बह गये, लेकिन वाहनों में सवार लोग बाल बच गए। वहीं बरसात से गुरु जम्भेश्वर लिफ्ट केनाल भी तीन जगह से टूट गई। इस नहर में अभी पानी नहीं था। बरसाती नदी का पानी इसमें आने से यह नहर टूटी है।

नूरे की भूर्ज सरपंच प्रतिनिधि मोहम्मद सलाम ने बताया कि रविवार दोपहर में तूफानी बरसात के बाद रात आठ बजे बरसाती नदी आ गई। यह नदी जैमला, शेखासर, अखाधना, राणेरी होते हुए नूरे की भूर्ज होते हुए आगे निकली। सोमवार दोपहर तक पानी बह रहा था। 50 मीटर चौड़ी व 10 फिट गहराई में चली नदी में कालू खां की ढाणी सड़क मार्ग बह गया। इसके अलावा कालू की ढाणी से कानासर व कालू खां की ढाणी से नुरे की भर्ज सड़क मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया।

मोहम्मद सलाम ने बताया कि रात 11 बजे कालू खां की ढाणी के पास एक कैंपर व स्वीफ्ट कार बह गई थी। सूचना पर वह गांव से चार-पांच लोगों के साथ रस्सा लेकर मौके पर पहुंचे। उसमें सवार लोग तो बाहर आ गए, लेकिन वाहनों को सुबह निकाला गया। बाप पुलिस को भी उसी समय इत्तला दी थी। सिनावड़ी नाडी के पास कच्चे रास्ते में भी एक कार फंस गई थी। रात भर उसके उपर से पानी बहता रहा। उसे भी सुबह बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। कालू खां की ढाणी निवासी मुख्तियार अली ने बताया कि गुरू जम्भेश्वर लिफ्ट कैनाल कालू खां की ढाणी गांव के पास, खाखुरी के पास, कालू खां की ढाणी चौराहा के पास टूट गई। कई छोटे माइनर भी टूट कर बह गए है। सोलनपुरा सरपंच भंवरलाल खिलेरी ने बताया कि राणेरी से अमरपुरा, मोडकिया गांव की सड़क, रामपुरा से राणेरी, अमरापुरा से राणेरी सडक मार्ग बरसाती नदी बहने से क्षतिग्रस्त हो गया है। गांवों की सड़के टूटने से आवागमन बाधित हो गया है।

**छह परिवार रात भर पानी से घिरे रहे :-** मोहम्मद सलाम ने बताया कि नदी के बहाव में गांव में स्थित मदरसे की चार दीवार ढह गई। इसके अलावा 4 मेघवालों की ढाणी तथा दो लोहारों की ढाणी पानी से घिर गई थी। ढाणियों के लोग रात भर उसमें फंसे रहे। पानी उतरने पर वे बाहर आए।

**एसडीएम ने किया प्रभावित क्षेत्र का दौरा :-** बाप उपखंड अधिकारी मांगीलाल ने सोमवार को प्रभावित गांवो का दौरा कर हालातों का जायजा लिया। उपखंड अधिकारी ने टूटी हुई नहर का सरपंच ग्राम पंचायत नूरे की भुर्ज प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के साथ मौका निरीक्षण किया। एसडीएम ने नहर की मरम्मत एवं कानासर से अजेरी की तरफ क्षतिग्रस्त सडक की मरम्मत के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। एसडीएम जब निरीक्षण करने पहुंचे थे तब भी क्षतिग्रस्त नहर से पूरा पानी खेतों व घरों से होता हुआ तीव्र वेग से चल रहा है।

**आज भी 13 गांव 80 ढाणियां रहेंगी अंधेरे में :-** डिस्कॉम की टीम विभिन्न गांवों में विद्युत पोल लगाने के साथ अनोप नगर के 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन को दुबारा खड़ा करने में जुट गई थी। रविवार रात को बाप सब डिविजन में कुल 40 गांवों में से 28 गांवों व इनके आसपास की ढाणियों की बिजली सप्लाई बंद थी। कनिष्ठ अभियंता महीराम ने बताया कि शाम तक 15 गांवों की बिजली सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। इसके बाद भी 13 गांव 80 ढाणियों में सोमवार रात भी तूफान की वजह से ब्लैक आउट रहेगा। हालांकि मौसम विभाग की चेतावनी लगातार जारी है, लेकिन सोमवार को मौसम साफ रहने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

# 'गोलीकांड' के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

## 19 मई को एक जने के साथ हुए गोलीकांड को लेकर आक्रोश



शीतलामाता गोलीकांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

**चाकसू,** (निसं)। गत दिनों शीतला माता के टोंक रोड पर एक व्यक्ति के साथ हुए गोलीकांड को लेकर क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गोली कांड के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को गुर्जर समाज ने सर्व समाज के सहयोग से चाकसू पुलिस थाने के सामने धरना प्रदर्शन कर एसीपी संध्या यादव, चाकसू थाना इंचार्ज भूरी सिंह, सदर एवं शिवदासपुरा थाना इंचार्ज को ज्ञापन सौंपा है और ज्ञापन में शीघ्र दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि गत 19 मई को शीतला माता बस स्टैंड पर उपखंड क्षेत्र के चौसला गांव निवासी सियाराम गुर्जर पर अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर घायल कर दिया था जिसका मामला चाकसू पुलिस थाने में दर्ज है। मामले में पीड़ित सियाराम गुर्जर के परिजन सहित अन्य लोगों ने बताया कि घटनास्थल पर कैमरे लगे हुए थे जिसमें अभियुक्तों के चेहरे साफ नजर आ रहे हैं लेकिन पुलिस आज तक भी उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाई जिस कारण ऐसी घटनाओं से शांत वातावरण के क्षेत्र में दहशत एवं भय का माहौल बना हुआ है। इसलिए सर्व समाज के सहयोग से पुलिस थाने के सामने धरना प्रदर्शन कर इस घटना से जुड़े बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई है।

मामले में पुलिस ने 7 दिनों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर धरना समाप्त करवा दिया है। दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस थाने के आसपास के क्षेत्र में पुलिस जाब्ता तैनात रहा। इस दौरान भुणाराम गुर्जर, प्रभु नारायण गुर्जर, प्रहलाद बैरवा, हीरालाल, आशाराम, रंगलाल, पीयूष, अजय राजाराम, रामरतन धर्मसिंह मीणा, बद्री नारायण चौधरी सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

# आंधी एवं बारिश से किसानों के सोलर सेट तबाह



मंडार के निकट हड़मतिया ग्राम में आंधी से सोलर सेट तबाह हो गया।

- किसानों को आर्थिक रूप से काफी नुकसान पहुंचा
- प्रशासन एवं सरकार मुआवजे की मांग की

**मंडार,** (निसं)। सिरोही जिले में मंडार के निकटवर्ती गांव हडमतिया में रविवार रात्रि को आए भयंकर आंधी-तूफान से किसानों के कृषि कुएं पर लगे हुए सोलर लाइट के सेट हवा में टूट कर बिखर गए।

जिससें किसानों को आर्थिक रूप से काफी नुकसान पहुंचा है। किसान सोलर सेट के सुरेंद्र कुंवर, मोहन कुंवर, लवजीराम, धोकाराम कलापुरा ने बताया कि हमारे कृषि कुएं पर सोलर ऊर्जा के सेट लगे हुए थे जो तेज आंधी एवं बारिश की वजह से बर्बाद हो गए एवं हमें आर्थिक रूप से काफी नुकसान पहुंचा है।

अगर प्रशासन एवं सरकार की ओर से किसी तरह की आर्थिक रूप से मदद मिलती है और मुआवजा दिया जाता है तो हमें आर्थिक रूप से थोडा संबल प्राप्त होगा।

**मंडार में तेज अंधड़ ने ली एक अधेड़ की जान :-** सिरोही जिले में मंडार के निकटवर्ती गांव रोहुआ में तेज आंधी एवं तूफान की वजह से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई एवं एक पुरुष एवं अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार रोहुआ निवासी आशु राम भील (55) अपने घर से कोई वस्तु खरीदने के लिए दुकान पर गया था वापस घर लौटते समय घर के पास ही टीनशेड की चपेट में आ गया। तेज आंधी होने की वजह से टीन शेड पूरा उखडकर आसू राम के ऊपर जा गिरा जिससे आसू राम की मौके पर ही मृत्यु हो गई व अन्य एक महिला लसु देवी (62) भी गंभीर रूप से घायल हो गई एवं एक युवक चंदूलाल (25)घायल हो गया।

दोनों घायलों को उपचार के लिए गुजरात के अहमदाबाद रैफर किया गया एवं मृतक अधेड़ आशु राम भील के शव को मंडार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया। सोमवार सुबह भील समाज के लोग एवं सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन सिंह देवल अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने शव का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सुपुर्द किया।

# ब्रह्मा मंदिर में लिफ्ट निर्माण का शिलान्यास किया



ब्रह्मा मंदिर में लिफ्ट निर्माण कार्य शुरु किया।

- ब्रह्मा मंदिर में जल्द ही श्रद्धालु लिफ्ट की सहायता से दर्शन लाभ उठायेंगे

**पुष्कर,** (निसं)। विश्व विख्यात ब्रह्मा मंदिर में जल्द ही श्रद्धालु लिफ्ट की सहायता से ब्रह्माजी के दर्शन करने का लाभ उठायेंगे। इसके लिए मंदिर में लगने वाली आधुनिक तकनीक की दो लिफ्ट का शिलान्यास सोमवार को अभिजीत मुहूर्त में निबांर्क पीठाधीश्वर श्यामशरण देवाचार्य श्रीजी महाराज ने किया। लिफ्ट निर्माण प्रोजेक्ट में एमपी मानसिंगका चैरिटीज मुंबई की ओर से एक करोड़ से अधिक का खर्चा वहन किया जायेगा। शिलान्यास के साथ ही सोमवार से लिफ्ट लगाने का कार्य शुरू हो गया तथा 6 महिने में लिफ्ट निर्माण पूर्ण तैयार हो जायेगा।

चैरिटीज के वयोवृद्ध अध्यक्ष महावीर प्रसाद मानसिंगका ने बताया कि ब्रह्मा मंदिर के पीछे स्थित गौशाला गेट के पास दो आधुनिक तकनीक की लिफ्ट लगाई जाएगी तथा बिजली बंद होने के बावजूद यात्री रास्तें में नहीं अटक सकेंगे। लिफ्ट का न केवल दिव्यांग व वृद्धजन बल्कि सभी यात्री निशुल्क उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों लिफ्ट में एक मिनट में 100 श्रद्धालु मंदिर के दर्शन के लिए आ-जा सकेंगे। लिफ्ट से चढ ने तथा उतरने के लिए वन-वे की व्यवस्था रहेगी। लिफ्ट से मंदिर तक पहुंचने तथा पुन: नीचे उतरने के लिए दो अलग-अलग रास्तें होंगे। लिफ्ट परिसर में महिला-पुरूष के लिए अलग-अलग वॉश रूम का भी निर्माण किया जाएगा। बताया कि मंदिर के पुरामहत्व को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के आर्किटेक्ट ने लिफ्ट का प्रोजेक्ट तैयार किया है। नए स्ट्रेक्चर निर्माण से मंदिर के पुरानी इमरात में किसी प्रकार का रद्दोबदल नहीं किया जाएगा।

शिलान्यास कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ की। इसके अलावा कार्यक्रम में अस्थायी मंदिर प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित, सांसद भागीरथ चौधरी, विधायक सुरेश सिंह रावत, पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ पूर्व विधायक बाहेती डॉ. राजकुमार जयपाल ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुदर्शन पालिकाध्यक्ष कमल पाठक, उपखंड अधिकारी निखिल कुमार पोद्दार आदि ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की।

# पी.एम. की सभा में लोगों को आमंत्रण के लिए रथ रवाना

## प्रधानमंत्री की 31 मई को कायड विश्राम स्थली में होने वाली जनसभा को लेकर तैयारियां तेज



अजमेर में जनप्रतिनिधियों ने रथों को रवाना किया।

**अजमेर,** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी 31 मई को कायड विश्राम स्थली में होने वाली विशाल जनसभा को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। सोमवार को केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार व आम सभा के आमंत्रण हर जन तक पहुंचाने के लिए रथों को रवाना किया। भाजपा संगठन महामंत्री चंदशेखर, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी,दक्षिण विधायिका अनिता भदेल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रसन्न चन्द मेहता, प्रदेश मंत्री अशोक सैनी, वंदना नोगिया, भगवती सारस्वत, रमेश सोनी, अरविन्द यादव, रमेश सोनी, वीरमदेव सिंह,द`वी शंकर भूतड़ा,डॉ.भोला सिंह,मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

सोमवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राजस्थान की प्रदेश कार्यसमिति बैठक हुई। जिसमे भाजपा संगठन महामंत्री चंदशेखर, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, दक्षिण विधायिका अनिता भदेल, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ.भोला सिंह, मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल, महामंत्री मुकेश गर्ग, रामकिशन वर्मा ने बैठक को संबोधित किया।

इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संजय चौहान, चिराग चौधरी, अजय नरूका, अंचित परिहार, कैलाश कच्छावा, गोविंद कुमार, दुर्गालाल, रितेश, अनुभव, कमलेश, उमेश, विमल, रमेश, रामलाल गुर्जर, जगदीश गुर्जर आदि उपस्थित रहे। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में तीर्थगुरु पुष्कर के घाटों पर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत श्रमदान किया गया।

## मोदी 31 मई को पुष्कर आएंगे

**पुष्कर,** (निसं)। 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पुष्कर यात्रा को लेकर प्रशासन हाई अलर्ट हो गया है। तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। पुष्कर के परिक्रमा मार्ग की सड़क के पेचवर्क किया गया है। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह चाक-चौबंद है। सोमवार को संभागीय आयुक्त सी आर मीणा, आईजी रेंज रूपेंद्र सिंह, जिला कलेक्टर भारती दीक्षित, एसपी चूनाराम जाट सहित पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हेलीकॉप्टर के जरिए रिहर्सल की गई। सावित्री की तलहटी पर प्रधानमंत्री मोदी के हेलीकॉप्टर के लिए अस्थाई हेलीपैड बनाया जा रहा है।

## मादा हिरण को श्वानों से बचाया

**धोरीमन्ना,** (निसं)। बाड़मेर जिले में धोरीमन्ना के पास निम्बली नाडी गांव में एक गर्भवती हिरणी को श्वानों के चुगंल से बचाकर वन विभाग की टीम को सुपुर्द किया। वन्यजीव प्रेमी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई ने जानकारी दी कि निम्बली नाडी गांव में तीन-चार श्वानों ने हिरणों का पीछा किया तो बाकी हिरण भाग गये। लेकिन एक मादा गर्भवती हिरण को अपने चंगुल मे फंसा लिया। तब हिरण आवाज सुनकर राह जा रहे वरिष्ठ अध्यापक मोहनलाल तरड़, चुनाराम तरड़ व विद्यार्थी कैलाश बेनीवाल आवाज की तरफ भागे तो देखा कि तीन-चार कुत्ते हिरण को मारने की कोशिश कर रहे थे।

## जेल से चार मोबाइल व सिम बरामद

**उदयपुर,** (निसं)। उदयपुर केन्द्रीय कारागृह के प्रहरियों ने तलाशी अभियान के दौरान जेल से चार मोबाईल व सीम बेटरी बरामद की।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में गठित टीमों ने गत दिनों उदयपुर कारागृह का औचक निरीक्षण कर मोबाईल व मादक पदार्थ बरामद किया था। इस मामले में पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया था। उक्त अभियान के बाद सक्रिय जेल प्रशासन ने भी अपना तलाशी अभियान जारी रखा। इस अभियान के दौरान जेल प्रहरी कोललायाणा भानपुर कला थाना जगवारामगढ जयपुर हॉल जेलप्रहरी केन्द्रीयकारागृह उदयपुर राजेन्द्र कुमार गुर्जर पुत्र बाबूलाल गुर्जर ने तलाशी अभियान के दौरान कारागृह में बंदी सुनिल उर्फ बंटी पुत्र शंभूलाल हरिजन निवासी गांधीनगर मस्तानबाबा निवासी के कब्जे से एक मोबाईल मय बेटरी व सीम बरामद की। इसी तरह चिमनलाल पुत्र शंकरलाल नायक धरिदेसर जिला पिलीबंगा हनुमानगढ हाल जेल प्रहरी ने बेरिक नंबर 12 के पास स्थित शौचालय के बाहर से लावारिस मोबाईल बरामद किया। इसी तरह जेल प्रहरी चतुराराम पुत्र बाबुलाल जाट ने गत दिनों तलाशी अभियान के दौरान दंण्डित बंदी संतोष पुत्र चुना कालबेलिया निवासी कपासल चित्तोडगढ के कब्जे से एक मोबाईल बरामद किया।

# उदयपुर-जयसमंद तक ट्रैक का विद्युतीकरण, इलेक्ट्रिक इंजन चलाकर ली ट्रायल

## जयसमंद-खारवा 38 किमी रेल्वे ट्रैक पर इलेक्ट्रिक इंजन का हुआ ट्रायल




उदयपुर-हिम्मतनगर रेलवे ट्रैक के हो रहे विद्युतीकरण कार्य के तहत 68 किमी इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा होने पर खारवा-जयसमंद ट्रैक ने इंजन दौड़ाकर स्पीड ट्रायल ली गई।

- अब तक उदयपुर से जयसमंद तक 65 किमी ट्रैक का विद्युतीकरण पूरा
- डूंगरपुर तक इलेक्ट्रिक पिलर व कॉपर वायरिंग का काम भी पूरा हुआ

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर-अहमदाबाद (असारवा) ब्रॉडगेज की शुरुआत के बाद से ही यह रुट दक्षिण से जुड़ने की बाट जोह रहे हैं। जब तक तक रुट पर इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा नहीं होता तब तक यह ट्रैक दक्षिण से नहीं जुड़ पायेगा, लेकिन अब कड़ियां जुड़ना शुरू हो गई है और रेलवे द्वारा कदम बढ़ाते हुए इस रूट पर उदयपुर से जयसमन्द तक 65 किमी ट्रैक पर विद्युतीकरण का काम पूरा हो गया है। रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में खारवा-जयसमन्द 38 किमी ट्रैक पर इलेक्ट्रिक इंजन चलाकर स्पीड ट्रायल ली गई। 65 किमी तक पूरे हुए ईलेक्ट्रिफिकेशन के इस काम में उदयपुर-खारवा 27 किमी ट्रैक का काम व सीआरएस पहले पूरा हो चुका है। ऐसे में इंजन ट्रायल के बाद अब खारवा-जयसमंद के इस 38 किमी ट्रैक का सीआरएस निरीक्षण भी जल्द पूरा होगा।

वहीं जयसमन्द से आगे इस ट्रैक पर डूंगरपुर तक इलेक्ट्रिक पिलर व कॉपर वायरिकरण का काम भी पूरा हो चुका है। बताया जा रहा है कि कुछ माह में डूंगरपुर तक काम पूरा हो जाएगा और वर्ष 2024 तक हम विद्युतीकरण काम पूरा होने बाद दक्षिण से जुड़ जाएंगे।

इलेक्ट्रिक इंजन की स्पीड ट्रायल के दौरान रेल इंडिया टेक्निकल इकॉनोमी सर्विसेज के उच्च अधिकारी के. वेंकटेश, रणजीत मेहता, अरविंद कुमार, यू.वी. राव, नरसिम्हा, विजय अहरिवाल, विनोद कुमार, अरुण कुमार व लाइजन ऑफिसर (रेल्वे इलेक्ट्रिफिकेशन) सुगनचंद वर्मा मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि इस रूट पर उदयपुर-हिम्मतनगर तक करीब 210 किमी ट्रैक पर इलेक्ट्रिफिकेशन का काम होना है जिसमें से डूंगरपुर तक कदम बढ़ चुके हैं।

# 'संसद की इमारत पर चर्चा हो, लेकिन विशेष सत्र बुलाकर देश के मुद्दों पर भी चर्चा हो'

## केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने पूछे नौ सवाल

**जयपुर**, (का.प्र.)। केंद्र की मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर कांग्रेस ने भाजपा नीत एनडीए सरकार से 9 साल पूरे होने पर 9 सवाल पूछे हैं। सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने जयपुर में देश की महिला पहलवानों की ओर से रविवार को किए गए प्रदर्शन और उस प्रदर्शन पर महिला पहलवानों की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से सवाल पूछे।

शर्मा ने कहा कि भले ही संसद की नई इमारत भव्य हो, लेकिन अगर नई संसद से प्रजातंत्र की बात कही जा रही है तो फिर सरकार को संसद का विशेष सत्र बुलाकर उन मुद्दों पर चर्चा की शुरुआत करनी चाहिए। आनंद शर्मा ने कहा कि संसद की इमारत अच्छी बनी है, उस पर चर्चा तो होनी ही चाहिए, लेकिन जब तक विशेष सत्र बुलाकर देश के मुद्दों पर चर्चा नहीं होगी, तब तक हम कल कैसे कहेंगे कि देश में प्रजातंत्र जीवंत है। उन्होंने कहा कि उनकी सलाह यही है कि सभी मुद्दों पर सरकार को अपना पक्ष रखना चाहिए। अगर वो नई संसद में नई शुरुआत की बात करते हैं तो विपक्ष की तीन मुख्य मुद्दों को स्वीकार करके विशेष सत्र के जरिए चर्चा करवाएं, ताकि पूरा देश सुने और सभी को लगे कि सदन गूंज रहा है।

- 'राजस्थान में गहलोत सरकार अच्छा काम कर रही है जिस तरह हिमाचल, कर्नाटक जीते, यहां फिर जीतेंगे'

आनंद शर्मा ने कहा कि केवल भव्य इमारत से कुछ होना जाना नहीं है। देश की जनता यह देखना चाहती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार अपने वचन पर कितनी अडिग है। साथ ही उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं, देश की सुरक्षा, देश में बढ़ती अमीर-गरीब की खाई पर अविलंब चर्चा की जरूरत है। आनंद शर्मा ने महिला पहलवानों के पक्ष में कहा कि कुछ बातें कई बार कष्ट देती हैं। हम महिला शक्ति की बात करते हैं, महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं, लेकिन रविवार को संसद समारोह के बीच विदेशों में देश के लिए मेडल जीतने वाली बेटियों के साथ जो हुआ, उसे देश ने देखा है। शर्मा ने कहा कि जिनका हम सम्मान और अभिनंदन करते हैं, अगर वो ही कोई शिकायत कर रही हैं तो उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है न कि उन्हें ही गिरफ्तार करने की। रविवार की घटना का कांग्रेस नेता ने निंदा करते हुए कहा कि भारत में बेटियों के साथ जो रविवार को हुआ उसे सभी ने देखा है।

आनंद शर्मा ने कहा कि विपक्ष जो बात उठा रहा है वो पूरे राष्ट्र की चिंता है। प्रधानमंत्री भी 31 मई को राजस्थान आ रहे हैं। ऐसे में यहां के किसान उनसे उनके किए वादों के बारे में सवाल पूछें। शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी ने किसानों से उनकी आय दोगनी करने का वादा किया था, लेकिन ये तो तीन कानून लेकर आ गए थे, जिसे तमाम विरोधों के बाद सरकार को वापस लेना पड़ा था।

राजस्थान कांग्रेस और गहलोत-पायलट पर आलाकमान के निर्णय पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा कि एआईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इस मामले पर निर्णय लेंगे, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह जरूर कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की एक मजबूत सरकार है। अशोक गहलोत मुख्यमंत्री हैं और जिस ढंग से काम हुआ है, जो नई नीतियां बनी हैं, नई घोषणाएं हुई हैं, नया बजट आया है, उससे हम पूरी तरीके से आश्वस्त हैं कि जिस तरह से कांग्रेस का परचम हिमाचल में फहराया गया। इसके बाद कर्नाटक में शंखनाद हुआ है, उसी तरह राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में होगा और कांग्रेस वापसी और जीत दर्ज करेगी।

# आस्ट्रेलिया के सांसदों से डॉ. पूनिया ने मोदी सरकार की योजनाओं पर चर्चा की



विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने सोमवार को आस्ट्रेलिया में 'पार्लियामेंट ऑफ विक्टोरिया' में आस्ट्रेलिया के कई सांसदों व ब्यूरोक्रेटस से शिष्टाचार मुलाकात की।

**मेलबर्न/जयपुर**। आस्ट्रेलिया प्रवास पर राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मेलबर्न में प्रवासी भारतीयों के साथ बाप्स श्री स्वामीनारायण मंदिर के दिव्य दर्शन कर जलाभिषेक किया। इस दौरान वहां उपस्थित प्रवासी भारतीयों से संवाद कर भारतीय संस्कृति और सैद्धांतिक मूल्यों पर चर्चा की। इससे एक दिन पहले ऑस्ट्रेलिया में प्रवासी राजस्थानियों से आत्मिक संवाद किया। प्रतिधिनिमंडल के साथ सतीश पूनिया ने 'पार्लियामेंट ऑफ विक्टोरिया' विजिट किया, जहां आस्ट्रेलिया के कई सांसदों व ब्यूरोक्रेटस से शिष्टाचार मुलाकात की। आस्ट्रेलिया के सांसदों के साथ सतीश पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष की जनकल्याणकारी योजनाओं और ऐतिहासिक फैसलों की दुनियाभर में हो रही चर्चा पर संवाद किया।

- मेलबर्न में प्रवासी भारतीयों के साथ सतीश पूनियां ने बाप्स श्री स्वामीनारायण मंदिर के दर्शन कर जलाभिषेक किया

राजस्थान और आस्ट्रेलिया के बीच भविष्य में कृषि, पर्यटन, जल संरक्षण इत्यादि मुद्दों सहित विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर भी बात की।

पूनिया की आस्ट्रेलिया के सांसद एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष मैथ्यू गुए, सांसद ब्रेड बैटिन, सांसद एन्रे मैरी हरमेन्स, सांसद ट्रंग लू, सांसद ईवान मुलहॉलैंड, व्याधम के पूर्व सिटी काउन्सलर इंन्ताज खान, इवान वॉल्टर्स सहित पक्ष-विपक्ष के सांसदों, अन्य जनप्रतिनिधि और ब्यूरोक्रेटस के साथ शिष्टाचार मुलाकात हुई, जिसमें मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों व योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

डॉ. पूनिया आस्ट्रेलिया में कॉन्सुलेट जनरल ऑफ इंडिया भी गये, जहां कॉन्सुल जनरल डॉ. सुशील कुमार और डिप्टी कॉन्सुल जनरल गिरीश के साथ उनकी शिष्टाचार भेंट हुई। इसके बाद डॉ. पूनियां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड देखने पहुंचे, जहां से उन्होंने अपना एक वीडियो संदेश जारी किया जिसमें उन्होंने कहा कि, नमस्कार, राम-राम, मैं इस समय ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर हूं, आस्ट्रेलिया का यह वह मैदान है जो दुनिया में क्रिकेट का तीर्थ कहा जाता है लेकिन हम गौरवान्वित हो सकते हैं, क्योंकि उस जमाने में उस पीढ़ी में जब रेडियो पर कमेंट्री सुनता था, 1978 का दौर मुझे याद है जनवरी में जब भारत के स्पिनर चंद्रशेखर ने 6 विकेट लिये 52 रन देकर, दूसरी इनिंग में भी वही चमत्कार किया।

# सीकर की बैठक में कलह से स्पष्ट है कि कांग्रेस में अंर्तविरोध चरम पर है : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर**। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान की गहलोत और पायलट के बीच सुलह कराने की कोशिश से पूर्व सीकर में मीटिंग में कांग्रेस नेताओं के बीच की कलह से साबित हो गया है कि कांग्रेस में अंतर्विरोध चरम पर है, इनके नेताओं को सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने से मतलब है, ना कि जनता से जुडे विकास के मुद्दों से।

राठौड ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने जिस प्रकार सार्वजनिक रूप से अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ विधायक एवं राजस्थान विधानसभा में सभापति राजेन्द्र पारीक के साथ दुर्व्यवहार किया है वो दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस की पाठशाला में वरिष्ठ नेताओं का अपमान करना ही सिखाया जाता है। अनुशासनहीनता, गुटबाजी, अंर्तकलह, अपमान की राजनीति ही कांग्रेस की असली पहचान है।

राठौड ने कहा कि पीसीसी अध्यक्ष को यह वहम नहीं होना चाहिये कि सरकार 4 महीने बाद जिंदा रहेगी। वरिष्ठ विधायक राजेन्द्र पारीक को भी यह वहम नहीं होना चाहिये कि वो ही गहलोत के खास है। आज की बैठक में खास और आम में फर्क साफ दिख रहा है। राठौड ने कहा कि कुछ दिन पूर्व अजमेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर लात घूंसे चले थे। कांग्रेस में सिर फुटोव्वल की स्थिति है। अब आगामी समय में सुरक्षा कवच और पुलिस के कडे पहरे के बिना कांग्रेस की मीटिंग संभव ही नहीं है।

## प्रदेश में 3 नए संक्रमित मिले

**जयपुर**। प्रदेश में सोमवार को तीन नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच केवल 2 ही मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में फिलहाल 58 संक्रमितों का इलाज चल रहा है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में केवल दो ही जिलों में नए संक्रमित मिले हैं। इनमें उदयपुर में दो और अजमेर में एक नया मरीज सामने आया है। इससे पहले राज्य में रविवार को पांच रोगी पाए गए थे। इधर आज राज्य में 639 कोविड जांच की गई है।

## हज जाने वालों की 10वीं फ्लाइट रवाना

**जयपुर**। राजस्थान स्टेट हज कमेटी मेंबर अब्दुल हकीम खान ने बताया हज 2023 के हज के मुकद्दस सफर पर जाने वाले हाजियों की दसवीं फ्लाइट के हाजियों का जयपुर एयरपोर्ट पर इस्तकबाल किया। जिसमें मेंबर राजस्थान स्टेट हज कमेटी अब्दुल हकीम खान अधिशासी अधिकारी डाक्टर महमूद ख़ान कस्टम अधिकारी अब्दुल हमीद खान स्टेट हज कमेटी मेंबर रियाज़ फारूकी जनाब मतलूब खान सलिम अहमद समाजसेवी वसीम खान युवा नेता मौजूद रहे व हज 2023 की दसवीं फ्लाइट के 160 हाजियों की फ्लाइट जयपुर एयरपोर्ट से मदीना शरीफ़ के लिए रवाना व सभी हाजियों को हज 2023 की मुबारकबाद दी।



**राज्यपाल कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में भारतीय प्रशासनिक सेवा के नौ प्रशिक्षु अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों से आव्हान किया कि वे राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव रखते हुए आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित करने के लिए कार्य करें। उन्होंने इन अधिकारियों से संवेदनशील होकर विकास योजनाओं एवं जन कल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही आमजन से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का आव्हान भी किया। कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा के नेतृत्व में मुलाकात करने वाले इस प्रतिनिधिमंडल में वर्ष 2022 बैच के प्रशिक्षु अधिकारी अंशु प्रिया, श्रद्धा गोमे एवं भैसारे शुभम अशोक, दिव्यांश सिंह, मोहित कासनिया, प्रीतम कुमार, सक्षम गोयल, यक्ष चौधरी और यथार्थ शेखर शामिल थे।**

# मोदी सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित : पीयूष गोयल

**जयपुर**। केंद्र सरकार के ऐतिहासिक नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर जयपुर में मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मीडिया संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मोदी सरकार के नौ वर्षों के सुशासन और सेवा भावना से किए गए विकास कार्यों के संबंध में पत्रकारों से संवाद किया। इस दौरान सांसद पूनम महाजन ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से पत्रकारों से परिचर्चा की। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि जनता ने नौ साल पहले प्रचंड बहुमत के साथ जो सरकार चुनी थी, वह उनकी उम्मीदों पर खरा उतरी है, मोदी ने 24 घंटे बिना रूके जनता के हितों के लिए काम किया है। देश के 140 करोड नागरिकों को सशक्त करने और शोषित वंचितों तक सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ पहुंचे इस सोच के साथ काम किया है। भाजपा ने सुशासन की नीती के बूते ही विश्व में देश को एक नई पहचान मदर ऑफ डेमोक्रेशी के रूप में दी है। भाजपा सरकार ने थ्री डी का संकल्प लेकर निरंतर विकास की दिशा में काम किया है। इसी के चलते आज भारत विश्व पटल पर अपनी नई मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हम देश को विश्वास दिलाते हैं कि प्रत्येक दिशा में सेवाभाव से काम करते हुए हम विश्व के सबसे युवा लोकतंत्र को नई उम्मीदों के साथ बुलंदियों पर ले जाएंगे। देश ने इन नौ वर्षों में यह देख लिया कि शोषितों और वंचितों को हर हाल में उनका हक मिलेगा। सांसद पूनम महाजन ने केंद्र सरकार के गौरवपूर्ण नौ सालों की तमाम उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। अपने प्रस्तुतीकरण में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुशासन संकल्प के साथ गरीब और वंचित को समाज में सम्मान सुरक्षा दिलाने का वादा किया था जिसको उन्होने पूरा करके दिखाया है। इस दौरान पूनम महाजन ने कोविड महामारी से निपटने के लिए भारत सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि जहां जापान जैसे देशों में टीकाकरण का कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा था उस समय के भारत ने लगभग टीकाकरण का काम पूरा कर लिया था। इसके अलावा भारत ने 220 करोड़ वैक्सीन डोज खुद के दम पर तैयार करके अन्य देशों को भी महामारी के इस विकट समय में सहायता पहुंचाई थी।

- सीमा सुरक्षा और मजबूत अर्थव्यवस्था नौ साल का ऐतिहासिक कालखंड : सीपी जोशी
- नौ साल की कड़ी मेहनत और जनता का प्यार अत्योंदय का सम्मान : पूनम महाजन

## एस.के.आई.टी. छठे साल पहले स्थान पर

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू) ने प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों की साल 2022-23 की रैंकिंग को लेकर नोटिस जारी किया है। आरटीयू की ओर से कॉलेजों की रैंकिंग के लिए जारी क्वालिटी इंडेक्ट वेल्यू (क्यूआईवी) में गत वर्ष रहने वाले सभी निजी कॉलेजों की रैंकिंग यथावत रखी गयी है। आरटीयू द्वारा जारी किए गए नोटिस के आधार पर स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,मैनेजमेंट एवम ग्रामोथन ने लगातार छठे साल पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने तीसरा स्थान एवम जेईसीआरसी ने चौथा स्थान प्राप्त किया है। टॉप 10 कॉलेजों की सूची में सभी कॉलेज जयपुर के हैं।

## रिश्वत मामले में आरपीएफ के निरीक्षक सहित तीन को सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने रेलवे टिकट की दलाली को लेकर दर्ज प्रकरण को रफा दफा करने की एवज में पांच हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में आरपीएफ के तत्कालीन निरीक्षक कैलाश चंद और सिपाही जगवीर व सांवरमल मीणा को एक-एक साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने प्रत्येक अभियुक्त पर पन्द्रह हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि सीकर के रानोली निवासी चिरंजीलाल शर्मा ने 25 जुलाई, 2007 को एसीबी, सीकर में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया गया कि वह एलआईसी एजेंट हैं और किस्त लेने जयपुर गया था। इस दौरान उसके और उसके भाई पर रेलवे टिकट की दलाली का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कर ली गई। ऐसे में अपना पक्ष रखने आरपीएफ, रींगस गया। जहां केस रफा दफा करने की एवज में आरपीएफ निरीक्षक को पांच हजार रुपए की बात कही गई। इस दौरान सत्यापन के दौरान आरपीएफ निरीक्षक कैलाश चंद के कहने पर सिपाही जगवीर सिंह ने दो हजार रुपए लिए।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

**जयपुर**। अखिल भारतीय हरियाणा ब्राह्मण महासभा की ओर से आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर शनिवार को प्रेस वार्ता की गई। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरदीचंद शर्मा बंबाला ने बताया कि बस्सी के बैनाडा धाम के श्रीजी धाम में आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। जिसमें लगभग 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। सम्मेलन में नवविवाहित जोड़ों को 51 तरह के आइटम महासभा के माध्यम से भामाशाहो की ओर से उपहार स्वरूप दिए जाएंगे।

# राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन निकला

**जयपुर**। राष्ट्र सेविका समिति जयपुर प्रांत के प्रवेश वर्ग का पथ संचलन सोमवार को जयपुर में हुआ। संचलन में माताओं बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

संचलन जवाहर नगर स्थित सरस्वती बालिका विद्यालय से प्रारंभ हुआ और शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तीन किलोमीटर तक निकल पुनः सरस्वती बालिका विद्यालय पहुंचा। संचलन में भगवा ध्वज लेकर ध्वज वाहिनी और साथ चल रही बहने वातावरण को बहुत ही ओजस्वी और देशभक्तिमय बना रही थीं। घोष गण की गूंज से सारा वातावरण गूंज रहा था। स्थान स्थान पर लोगों ने पुष्प वर्षा द्वारा सेविकाओं का भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर सेविकाओं को डॉ. मंजू शर्मा वायव्य क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख का सान्निध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें निरंतर गतिमान रहना होगा। वर्ग में रहते हुए शारीरिक शक्ति, मानसिक बल, अनुशासन समयबद्धता, नियमितता आदि सभी गुणों में जो श्रेष्ठता प्राप्त की उसका संचरण समाज के अन्य लोगों में भी हो इस हेतु से पथ संचलन का आयोजन किया जाता है। संचलन में चलने वाली बहनों सेविकाओं और अधिकारियों की संख्या 125 रही।

## बस कंपनी पर 25 हजार रु. हर्जाना

**जयपुर**, (का.सं.)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जयपुर द्वितीय ने यात्री को रास्ते से उतारने पर महालक्ष्मी ट्रेवल्स कंपनी पर 25 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। यह आदेश परिवादी सुरेन्द्र लाम्बा के परिवाद पर स्वीकार करते हुए दिये। परिवादी के अधिवक्ता राम प्रकाश कुमावत ने बताया कि लाम्बा ने जयपुर से कुशलगढ़, बांसवाड़ा जाने के लिये 700 रुपये प्रति सवारी सीट बुक कराई थी लेकिन बस चालक ने बस को गंतव्य स्थान पर नहीं ले जाकर बीच रास्ते में ही उतार दिया गया।

# ज्यादती करने वाले अभियुक्त को बीस साल की सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर प्रथम ने 13 वर्षीय पीड़िता के साथ ज्यादती करने वाले अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार को बीस साल की सजा से दंडित किया है। इसके साथ ही अदालत ने सोडाला निवासी इस अभियुक्त पर 55 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने पीड़िता के घर में जबरन प्रवेश कर उसके प्राइवेट पार्ट को क्षति पहुंचाते हुए छेड़छाड़ की है। ऐसे में उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि पीड़िता की मामी ने 1 दिसंबर, 2020 को महेश नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि दिन में वह और उसके पति काम पर गए हुए थे। इस दौरान उसकी 13 साल की भांजी उसके घर पर बच्चों के साथ थी। इतने में मौका पाकर अभियुक्त वहां आ गया और पीड़िता के प्राइवेट पार्ट में हाथ डाला व मारपीट करने लगा। तभी पीड़िता के मामा अचानक घर लौट आए और पीड़िता को अभियुक्त के चंगुल से छुड़ाया।

वहीं अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसे प्रकरण में जबरन फंसाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए उसे सजा सुनाई है।

## पति के दोस्त ने किया दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। मुहाना इलाके में विवाहिता से पति के दोस्त द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बाथरुम में नहाते समय आरोपी ने उसका न्यूड वीडियो बना लिया। वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर देहशोषण किया। मुहाना थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि मुहाना निवासी 25 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह अपने पति के साथ यहां रहती है। शिकायत में बताया कि पति के दोस्त मुकेश सैनी ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। पति का दोस्त होने के कारण आरोपी मुकेश का घर पर आना-जाना था। करीब 9 महीने पहले पति की गैरमौजूदगी में आरोपी घर आया। बाथरुम में नहाने के दौरान चुपचाप उसका न्यूड वीडियो बनाकर चला गया। जिसके बाद उसको कॉल कर न्यूड वीडियो के बारे में बताया। वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। ब्लैकमेल कर पति की गैरमौजूदगी में 3-4 बार घर आकर उसके साथ रेप किया। इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि 24 मई को उसका पति गांव जाने के लिए उसे बस में बैठाकर चला गया। पीछा करते हुए आरोपी मुकेश भी बस में चढ़ गया। बस में हल्ला कर बदनाम करने की धमकी देकर रास्ते में उतार लिया।

# सदा मुस्कुराने की चाबी दी योगाचार्य ढाकाराम ने

**जयपुर**। विख्यात योग गुरु योगाचार्य ढाकाराम के सानिध्य में रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन एवं योगा पीस संस्थान के संयुक्त तत्वाधान व अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जयपुर एवं नगर निगम जयपुर ग्रेटर के सहयोग से महावीर स्कूल सी स्कीम में आनंदम योग शिविर संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन योग गुरु ढाकाराम, मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक यातायात प्रहलाद कृष्णिया, विशिष्ट अतिथि विशेषाधिकारी, आयुष विभाग, राजस्थान सरकार डॉ. गिरधर गोपाल शर्मा, आयोजन समिति अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा, मुख्य समन्वयक योगी मनीष विजयवर्गीय ने किया।

# इंद्रजीत कौर व पिंकी सिंह सम्मानित



**सिख पंथ के पांचवें गुरु अर्जन देव की शहादत को समर्पित पिछले 40 दिनों से स्त्री सत्संग की ओर से गुरुद्वारा राजा पार्क में चल रहे सुखमनी साहिब के पाठों की समाप्ति पर सुखमनी सेवा सोसायटी की प्रेसिडेंट पिंकी सिंह और राजापार्क की इंद्रजीत कौर को सरोपा देकर सम्मानित किया गया।**

**जयपुर**। सिख पंथ के पांचवें गुरु अरजन देव की शहादत को समर्पित पिछले 40 दिनों से स्त्री सत्संग द्वारा गुरुद्वारा राजा पार्क में चल रहे सुखमनी साहिब के पाठों की आज समाप्ति हुई। इस मौके पर खालसा हेल्पिंग हैण्ड द्वारा राजस्थान सिख समाज के सहयोग द्वारा संगत को गुरवाणी, नाम सिमरन के साथ जोडने, बच्चों को पंजाबी सिखाने व गुरमत रहत मर्यादा के साथ जोडने का प्रयास करने वालीं 25 महिलाओं को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजापार्क की इंद्रजीत कौर और सुखमनी सेवा सोसायटी बनीपार्क की प्रेसिडेंट पिंकी सिंह को सम्मानित किया गया। उनकी तरफ से दीपिका कपूर ने सिरोपा ग्रहण किया। इस दौरान राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष अजयपाल सिंह, खालसा हेल्पिंग हैण्ड के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह पप्पी, महा सचिव जगजीत सिंह सूरी, बलदेच सिंह, हरविंदर सिंह पप्पू, देवेन्दर सिंह शंटी, सूर्य उदय सिंह, जगजीत सिंह मुच्छल उपस्थित थे।

# 'अजिओ' की बिग बोल्ड सेल 1 जून से शुरू होगी

**जयपुर** (कासं)। देश के सबसे बड़े फैशन ई-टेलर में शुमार 'अजिओ' की बिग बोल्ड सेल 1 जून से शुरू होगी। यह सेल एडिडास के सहयोग से मेलोरा के साथ मिलकर संचालित की जायेगी। ग्राहक 28 मई से रोजाना 6 घंटे की सीमित अवधि के लिए अर्ली एक्सेस की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। बिग बोल्ड सेल में ग्राहक 5 हजार से ज्यादा ब्रांड्स के प्रोडक्ट खरीद सकेंगे, जो कि 1.3 मिलियन से अधिक क्यूरेटेड फैशन स्टाइल को पेश करते हैं।

सेल की घोषणा करते हुए अजिओ के सी.ई.ओ. विनीत नायर ने कहा कि, बिग बोल्ड सेल में देशभर के 19 हजार से अधिक पिनकोड के ग्राहक शामिल होंगे, जो एक्सक्यूसिव इंटरनेशनल ब्रांड्स, प्राइवेट लेबल तथा अपने देश के ब्रांड्स के बड़े सलेक्शन से खरीददारी कर सकेंगे। फैशन, लाइफस्टाइल, होम एंड डेकोर, ब्यूटी, ज्वैलरी और पर्सनल केयर जैसी अलग-अलग कैटेगरी में बेहतरीन डील्स और ऑफर्स मिलेंगे। एस.बी.आई. के क्रेडिट-डेबिट कार्ड से खरीदारी करने पर ग्राहकों को 10 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट मिलेगी। सेल के दौरान ग्राहकों को एडिडास, नाइकी, प्यूमा, सुपरड्राई, जीएपी, यूएसपीए, स्टीव मैडेन, लिवाईस, मार्क्स एंड स्पेंसर, अरमानी एक्सचेंज, रितु कुमार, मुजी, बुडा जीन्स कंपनी, फेयर रोज, एन्क्रस्टड, पोर्टिको, होम सेंटर, कैसियो, लेक्मे, मेबेलिन, मेलोरा जैसे ब्रांड्स पर रोमांचक डील्स मिलेगी। विनीत नायर ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि 60 मिलियन से ज्यादा नए यूजर्स अजिओ से जुड़ेंगे और एक्सक्लूसिव इंटरनेशनल ब्रांड्स की इस शॉपिंग सेल का फायदा उठाएंगे। उन्होंने बताया कि 'फैशन्स मोस्ट वांटेड' कैंपेन फिल्म 31 मई को रिलीज होने वाली है, जिसमें एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर और राणा दग्गुबाती नजर आएंगे। इस 360 डिग्री कैंपेन को टीवी, ओटीटी, सोशल मीडिया, डिजिटल, प्रिंट और रेडियो पर चलाया जायेगा।

# राजगढ़ अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ



उद्घाटन समारोह के दौरान खिलाड़ियों को सम्बोधित करती राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया।

■ राज्य भर के 300 से अधिक बालक व बालिका खिलाड़ी ले रहे भाग

**सादुलपुर,** (निसं)। खिलाडी का जीवन काफी तपस्वी व संघर्षशील होता है। सपने पालने आसान है। उसे पूरा करने के लिए खिलाडी को कडी मेहनत के साथ तय किए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर ऐशो आराम को छोडना पडता है। यह बात सोमवार को अन्तर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम, राजगढ में राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन समारोह के दौरान खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की अध्यक्ष एवं सादुलपुर विधायक पदमश्री ओलम्पियन डॉ. कृष्णा पूनिया ने कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सकारात्मक व दूरदर्शीता के परिणाम स्वरूप प्रदेश के खिलाडियों का भविष्य काफी उज्जवल है। इसी के नतीजन राज्य के युवाओं को मोबाइल व टी.वी. की लत से दूर करने को लेकर अयोजित किए गए राजीव गाँधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल के आयोजन ने विश्व कीर्तिमान स्थापित करने का काम करते हुए प्रदेश में खेल संस्कृति को विकसित करने का काम किया गया है। डॉ. पूनिया ने केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविरों की उपयोगिता एवं महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा शिविरार्थियों को प्रशिक्षकों की ओर से सिखाई जाने वाली हर चीज को गहराई से अधिकाधिक सीखने की कोशिश करनी चाहिए। शिविरों के माध्यम से छिपी खेल प्रतिभाओं के हुनर को तलाशकर उन्हें तराशने का काम बखूबी किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रजिया गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि खिलाडियों की सबसे बडी विशेषता यहाँ पर मिलने वाला पारिवारिक माहौल है। खिलाडी की पहचान अनुशासन एवं संयमित जीवन के रूप में समाज में जानी जाती रही है।

समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक बुटोलिया, उपखण्ड अधिकारी राजगढ रणजीत कुमार बिजारणिया, सेवानिवृत पुलिस अधीक्षक नियाज मोहम्मद एवं राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के मुख्य खेल अधिकारी एवं मुख्य शिविर निदेशक वीरेन्द्र पूनिया बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। वहीं उपखण्ड अधिकारी रणजीत कुमार बिजारणिया ने खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल एक जुनून है। जिसने इसको अपना लिया वह इसका ही होकर रह गया। इसी प्रकार खिलाडियों से अपने अनुभव साझा करते हुए मुख्य खेल अधिकारी एवं मुख्य शिविर निदेशक वीरेन्द्र पूनिया ने कहा कि प्रदेश में पहली बार किसी खिलाडी को राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके कारण गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी में आमजन का रूझान खेलों के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति बढा है। मुख्यमंत्री की ओर से खेलों का वातावरण बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोडी जा रही है। ब्लॉक स्तर खेल स्टेडियम, स्पोर्ट्स स्कूल, आवासीय खेल अकादमियां, मल्टीपरपरज इंडोर हॉल व सिन्थेटिक ट्रेक का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही पहली बार जयपुर व जोधपुर में पैरा खिलाडियों को पैरा अकादमी की सौगात प्रदान की गई है। पूनिया ने कहा कि खेल सुविधाओं के बढने के कारण प्रदेश के खिलाडियों ने राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल कर गौरन्वित करने का काम भी किया है।

# भाजयुमो ने मातृ शिशु अस्पताल में हुए कार्यों की जांच कराने की मांग की



भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में मौजूद भाजपा पदाधिकारी।

■ सरकारी कार्यक्रम में हुई बिजली चोरी के प्रकरण तथा अस्पताल के सरकारी उद्घाटन कार्यक्रम में पीएमओ द्वारा अपने मित्र के नये मेडिकल का होर्डिंग लगाने पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर में आक्रोश जताया

**सुजानगढ़,** (निसं)। राजकीय मातृ शिशु अस्पताल में हुए निर्माण कार्यो की जांच करवाने की मांग को लेकर एडीएम भागीरथ साख को भाजयुमो द्वारा दिये गये ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं होने पर सोमवार को युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में बैठक की। बैठक युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मौसूण की अध्यक्षता में आहूत हुई।

पार्षद हरिओम खोड ने कहा कि एक तरफ सीएम गहलोत अपनी निःशुल्क योजनाओं का प्रचार कर रहे है। दूसरी और मातृ शिशु अस्पताल के सरकारी उद्घाटन कार्यक्रम में पीएमओ ने अपने मित्र के नये मेडिकल का होर्डिंग लगाया। जिस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा सरकारी कार्यक्रम में हुई बिजली चोरी के प्रकरण में भी कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोश जताया गया। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में हुए निर्माण कार्यो की जांच नहीं होने पर आगामी०2 जून को जिला कलक्टर के कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर कलक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। अमित मौसूण ने कहा कि फिर भी अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे ०9 जून से अनिश्चिकालीन धरना शुरू करेंगे। इस बैठक में ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश सैन, मोनू गहलोत, हेमन्त सांखला, रेखा सोनी, ओमप्रकाश भरतिया, मुरील सैन, यश तोलानी, मनीष प्रजापत, बृजेश प्रजापत, हिमांशु भाटी, खुशबु दाधीच सहित बडी संख्या में भाजयूमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परशुराम भवन की भूमि का विधिवत पूजन कर आधारशिला रखी



नीमकाथाना गावड़ी मोड़ स्थित ग्रामीण पावर हाउस के पीछे गौड़ परशुराम सेवा समिति के तत्वाधान में विधि-विधान के साथ भगवान परशुराम भवन की भूमि में आधारशिला रखी।

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना गावडी मोड पर स्थित ग्रामीण पावर हाउस के पीछे गौड परशुराम सेवा समिति के तत्वाधान में आचार्य प्रबुद्दत शास्त्री व पंडित जगदीश भूदोली द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान के साथ भगवान परशुराम भवन की भूमि में आधारशिला रखी गई।

नींव पूजन समारोह डॉ देवकीनंदन तिवाड़ी व डॉ पुष्कर तिवाड़ी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ, जिसमें समाज के हनुमान प्रसाद शर्मा, महंत बजरंग शर्मा, भगवती प्रसाद शर्मा, डॉ प्रदीप शर्मा, अनिल शर्मा,पवन काका, गोपाल शर्मा, अशोक कश्मीरी, रमेश वकील, नरेश नेता, सुनील शर्मा, रतन मिश्रा, पवन गुहाला, डॉ देवेंद्र शर्मा, राजेश तिवाड़ी, विनोद नृसिंगपुरी, राकेश शर्मा, हेमराज शर्मा बिहारीपुर, राकेश शर्मा गाँवड़ी, दौलत शर्मा,अन्नू शर्मा, अनुज शर्मा गाँवड़ी, राजेन्द्र शर्मा हसामपुर, दिलीप कुमार शर्मा गुहाला, इंदु शेखर शर्मा गाँवड़ी, मनोज बंसिया, भास्कर नेता, रजनीश शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा के अलावा समाज के कई प्रबुद्धजन मौजूद रहे। अग्रवाल समाज अध्यक्ष कमलेश मेगोतिया, गोपाल गौशाला अध्यक्ष दौलतराम गोयल, इंदा राम ढिलाण, पुरणमल मीणा, बंटेश सैनी, भोलाराम सैनी, नरेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे।

भूमि पूजन के इस कार्यक्रम में गौड़ समाज के भामाशाह डॉ देवकीनंदन तिवाड़ी ने भवन निर्माण हेतु 11 लाख रुपए की सहयोग राशि दी तथा टूयूबबैल लगाने की बात कही। डॉ तिवाड़ी ने समाज को आश्वस्त किया कि आगे भी जब जब समाज को मेरी आवश्यकता होगी मैं हर प्रकार से भवन निर्माण में सहायता करूंगा। समारोह में ब्राह्मण समाज को गौरवान्वित करने वाली छात्रा नोमिता भारद्वाज जिसने संसद में रविन्द्र नाथ टैगोर की जीवनी, त्याग व बलिदान पर अपने विचार रखें थे को शॉल व भगवान परशुराम की फ़ोटो देकर सम्मानित किया।

## सचिव रियाजत खान का अभिनंदन

**चूरू,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के नव नियुक्त सचिव रियाजत खान का नई सड़क पर एक संस्थान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में खान को शॉल ओढाकर एवं माल्यार्पण करके अभिनंदन किया गया। रियाजत खान ने सम्बोधन में अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अशोक गहलोत को चौथी बार मुख्यमंत्री बनाना तथा चूरू विधानसभा को भाजपा से मुक्त करना ही मेरा मकसद है। इसके लिए सभी कांग्रेसजन को एकजुट हो जाना चाहिए। खान ने कहा कि हमारी ही कुछ कमजोरियों के कारण बाहर से आये राठौड चुनाव जीत रहे हैं। अब हम सभी संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे। खान ने दावा किया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार की जन कल्याण की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने से हम इस मकसद को पूरा कर सकते हैं। कार्यक्रम में चूरू शहर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लालचंद सैनी, कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष रतनलाल जांगिड़, जिला बफ्फ बोर्ड के संरक्षक जमील चौहान, महेश मिश्रा, रफीक चौहान, सत्यनारायण बाकोलिया, मनोनीत पार्षद दीपिका सोनी, ज्योति सिंह, दीपिका सैन, सिराज जोईया, सलीम चौहान, सलीम पीए, महबूब खान, इकबाल आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

# बाबा गंगाराम धाम में महोत्सव आज, कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी



श्री पंचदेव मंदिर बाबा गंगाराम धाम।

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री पंचदेव मंदिर बाबा गंगाराम धाम में मंगलवार को गंगादशहरा के पावन अवसर पर आयोजित बाबा गंगाराम महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी हो गई है। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं पताकाओं से सजाया गया है।

इस अवसर पर भजन संध्या, सामूहिक अमृतवाणी-पाठ, छप्पन भोग एवं दर्शन पूजन के कार्यक्रम होंगे। कोलकाता से आए कारीगरों द्वारा फूलों का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। श्री पंचदेव मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में प्रवासी भक्तगण पधार रहे हैं। महोत्सव का प्रारंभ सुबह 5 बजे महा मंगला आरती से होगा। जिसके बाद सुबह 8 बजे से विश्व शांति के लिए संगीतमय बाबा गंगाराम अमृतवाणी का सामूहिक पाठ मुंबई से पधारे सुरेश दाधीच द्वारा किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण भाग लेंगे। दोपहर 4 बजे से मंदिर प्रांगण में भजन संध्या होगी। जिसमें बाहर से आमंत्रित कलाकारों के अलावा स्थानीय कलाकार भी भजन प्रस्तुत करेंगे। मंदिर में दर्शन-पूजन का सिलसिला पूरे दिन चलेगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सफ़ेद संगमरमर से नवनिर्मित आशीर्वाद मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। इस मंदिर की कलात्मकता एवं वास्तु शिल्प को देखने दूर दूर से लोग पधारते है।

श्री पंचदेव मंदिर की स्थापना 'गंगा दशहरा' के दिन बाबा के अनन्य आराधक भक्त शिरोमणि देवकीनंदन एवं परम् आराधिका माता गायत्री देवी द्वारा सन 1975 में की गई थी। प्रतिवर्ष ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को आयोजित उक्त महोत्सव में श्रद्धालु भक्तगण बाबा के दरबार में पूजा अर्चना करते हुए अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करतें हैं। जो भी सच्चे मन से बाबा को ध्याता है, उसकी मनोकामनाएं बाबा अवश्य पूरी करतें हैं। इस संबंध में बाबा गंगाराम सेवा समिति के सदस्यों की एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया।

## अनैतिक कार्य करते पकड़ा

**सुजानगढ़,** (निसं)। भोजलाई रोड की गली संख्या 8 के एक घर में देह व्यापार होने की सूचना पर वार्डवासियों ने जमकर हंगामा किया। वार्ड की महिला अमृता चौधरी ने बताया कि उन्हें वार्डवासियों ने बताया कि इस घर में संदिग्ध गतिविधियां हो रही है। जिसकी सूचना उन्होनें कोतवाली थाने के एएसआई तेजाराम को दी। अमृता ने आरोप लगाया कि पुलिस सूचना के डेढ घण्टे बाद पहूंची। वार्ड के अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि इस घर के मालिक कालू प्रजापत निवासी मलसीसर द्वारा पिछले दस-बारह साल से अवैध कामों में घर का उपयोग ले रहा है। वार्ड के लोगों ने कहा कि तत्कालीन एसपी तेजस्वनी गौतम की स्पेशल टीम ने दबिश देकर जुआरियों को घर से गिरफ्तार किया था। इसके अलावा उपस्थित महिलाओं ने कहा कि दूसरे स्टेट की लडकियां बिना पुलिस सत्यापन के वार्ड में रह रही है। जिनकी जांच होनी चाहिये। इस पूरे घटनाक्रम के बाद मौके पर पहुंचे एएसआई तेजाराम ने घर में मौजूद टीकमचंद प्रजापत, अरूण शर्मा, कालूराम प्रजापत व नागालैंड निवासी महिला को घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया। पूर्व सभापति बाबूलाल कुलदीप ने चूरू एसपी से दूरभाष पर वार्ता कर शहर में हो रहे अनैतिक धंधों पर पांबदी लगाने की मांग की।

## खातेदारी भूमि में निर्माण रुकवाया

**पाटन,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत जीलो में भूमि खसरा नंबर 953 रकबा 0.29 हेक्टेयर खातेदारी भूमि जो सुमित्रा कंवर पत्नी दिलीप सिंह के नाम दर्ज है। सुमित्रा कंवर पत्नी दिलीप सिंह उक्त भूमि पर काबिज रहते हुए कास्त करते आ रहे हैं। उक्त भूमि में कृषि संबंधी सामान हेतु 23 मई को कोटड़ी निर्माण कार्य शुरू किया गया, इसी दौरान सुशीला कंवर पत्नी झाबर सिंह शेखावत, सुजल सिंह पुत्र झाबर सिंह, कृष्ण पुत्र राम सिंह द्वारा स्वयं की खातेदारी भूमि में कर रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया, व मजदूरों एवं ओमवीर पुत्र दिलीप सिंह के साथ मारपीट कर दुबारा निर्माण कार्य नहीं करने की धमकी दी गई। प्रार्थी दिलीप सिंह द्वारा पाटन पुलिस को रिपोर्ट दी गई परंतु पुलिस ने भी कोई कार्यवाही नहीं की, मजबूर होकर दिलीप सिंह द्वारा उप पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना को ज्ञापन देकर परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

# सभी फसलों के लिए एम.एस.पी. गारंटी कानून सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम ऑफिस में ज्ञापन दिया।

**रतनगढ़,** (निसं)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों ने सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान सभा के जिलाध्यक्ष मदन लाल घिंटाला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ने नाम एसडीएम ऑफिस में ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में उल्लेख किया है सभी फसलों के लिए एम एसपी गारंटी कानून बनाया जाए, सारी फसलों की खरीद एमएसपी पर हो, मोशम आधारित बीमा कानून बनाया जाए। विधवा महिलाओं, विकलांग व सीनियर सिटीजन को 3 हजार प्रतिमा पेंशन साथ ही बीपीएल सर्वे करवाया जाए ताकि पात्र व्यकियो के नाम बीपीएल में जोड़ा जा सके।

ज्ञापन पर रामकरण चौधरी, सांवरमल प्रजापत, मोहनलाल भाकर, सांवरमल पण्डिया, दल्लूसिंह लुंछ, रामचन्द्र गेना, हरिराम भारी, भंवरलाल पारीक, ब्रह्मामद पारीक, हनुमानाराम, गणेशाराम, बीरबल मेघवाल, भेरुदान चारण, नोरंगराम पारीक, श्रवण मेघवाल, नृसिंहराम, रामूराम कलवानीया, जगदीश पूरी, ईशर राम ज्याणी, हेतराम माली, जयप्रकाश गीला, लालचंद बिजारणिया, हनुमानाराम भुवाल, भादर भाम्भू, रतनाराम नायक, कुंदन मल धेतरवाल, हेमराज कस्वां, श्रवण नाथ आदि के हस्ताक्षर है।

## परिवहन मंत्री ने कैंप का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने सोमवार को चिड़ावा पंचायत समिति के सोलाना ग्राम पंचायत में आयोजित मंहगाई राहत कैंप, प्रशासन गांवों के संग अभियान का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ओला ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं का लाभ ले और मंहगाई से राहत पाएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह अच्छी पहल की है कि गांव की चौपाल पर ही गांव के लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने जिले में 65 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन होने पर खुशी व्यक्त की और अधिकारियों से इसमें ओर इजाफा करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का आव्हान किया। इस दौरान परिवहन मंत्री ने लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गांरटी कार्ड का भी वितरण किया। शिविर में चिड़ावा एसडीएम संदीप चौधरी भी उपस्थित रहे।

# मंड्रेला तिराहे के पास पिछले चार माह से आ रहा गंदा पानी



वार्डवासियों ने आक्रोशित होकर वार्ड में प्रदर्शन किया।

■ वार्ड 34 में पेयजल समस्या, कलेक्टर तक शिकायत लेकिन अनदेखी

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर की पिलानी रोड पर मंड्रेला तिराहे के पास वार्ड 34 में काफी घरों में नलों में पीने के पानी की जगह झाग युक्त गंदा पानी आ रहा है। ये समस्या करीब चार माह से है। समस्या को लेकर वार्डवासियों ने मुख्यमंत्री सहायता नंबर, कलेक्टर तक भी शिकायत की, लेकिन समस्या जस की तस है।

वार्डवासियों ने आक्रोशित होकर पहले तो वार्ड में जमकर प्रदर्शन किया। जिसके बाद उनको सूचना मिली कि विधायक जेपी चंदेलिया भी चिड़ावा ही है तो फिर वे सब वार्ड के महिला - पुरुष एकत्र होकर विधायक निवास पहुंचे और समस्या को लेकर प्रदर्शन करते हुए समस्या के स्थायी समाधान की मांग की। जिसके बाद विधायक जेपी चंदेलिया ने जेईएन आदित्य मिश्रा को मौके पर बुलाया और समस्या का मौके पर जा कर तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। जिसके बाद अधिकारी ने सात से दस दिन में समस्या का निराकरण करने का भरोसा दिलाया। जिसके बाद वार्डवासी शांत हुए।

# डाइट में जिला सलाहकार समिति व अकादमिक समूह की बैठक



डाइट सभागार में जिला सलाहकार समिति व जिला अकादमिक समूह की बैठक का आयोजन हुआ।

**चूरू,** (कासं)। डाइट सभागार में सोमवार को जिला सलाहकार समिति व जिला अकादमिक समूह की बैठक का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगवीर सिंह यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में डाइट प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह राठौड़ ने वर्ष भर चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गुणवतापूर्ण सम्पन्न करवाये जाने की योजना पर प्रकाश डाला।

इस दौरान शोध व एफ.एल.एन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सुमेर सिंह पूनियां ने आठवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा की। जिला शिक्षा अधिकारी निसार अहमद खान ने उच्च माध्यमिक परीक्षा परिणाम पर चर्चा की तथा उमा सारस्वत ने राजश्री योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संदीप महरोलिया ने लैब विद्यालयों के प्रभावी उन्नयन पर विचार व्यक्त किये। बजरगं लाल मीणा ने जिला संदर्भ समूह बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कुसुम शेखावत ने पी.ई.ई.ओ. स्तर की बैठक में डाइट संकाय सदस्यों की सहभागिता पर बल दिया व नरेन्द्र कुमार उपाध्याय ने डाइट में हो रहे नवाचारों पर प्रकाश डाला और गणित, विज्ञान विषयों को रूचिकर बनाकर शिक्षण कार्य करवाने के लिये वेबसाइट के माध्यम से विद्यालयों में नवाचार करने पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगवीर सिंह यादव ने डाइट के कार्यों की सराहना करते हुये परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा संतोष महर्षि ने प्रवेशोत्सव में नामांकन बढ़ाने पर बल दिया।

# कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की विधायक जे.पी. चंदेलिया ने बैठक ली



कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद विधायक जेपी चंदेलिया ( बीच में )।

■ महंगाई राहत शिविर प्रभारी बाजिया ने भी किया बैठक को संबोधित

**चिड़ावा,** (निसं)। विधायक निवास स्थित कांग्रेस कार्यालय में महंगाई राहत कैंप जिला प्रभारी रामसहाय बाजिया और विधायक जेपी चंदेलिया ने कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और महंगाई राहत कैंप में अधिक से अधिक लोगों को राहत प्रदान करवाने का निवेदन किया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक करने का आव्हान किया। विधायक चंदेलिया ने क्षेत्र में अपने द्वारा करवाए गए कार्यों को गिनाया और कार्यकर्ताओं को जनता को इससे अवगत करवाकर आगामी चुनावों में एक बार फिर कांग्रेस को मजबूत करने का आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत की कल्याणकारी नीतियों से जनता का खूब भला हो रहा है।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मेहर कटारिया, नगरध्यक्ष राधेश्याम सुखाड़िया, मंडल अध्यक्ष संतकुमार जांगिड़, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, मंडल अध्यक्ष सम्राट कटेवा, पार्षद राजेंद्रपाल सिंह कोच, जिला सचिव महेश कटारिया, समाजसेवी सुरेंद्र सैनी, सरपंच फॉर्म अध्यक्ष विनोद डांगी, सरपंच संदीप सैनी,सरपंच महावीर खुडाना, सरपंच अमरसिंह नूनिया, सरपंच अनिल कटेवा, सरपंच संजय सैनी, पंचायत समिति सदस्य अनिल कटेवा, पंचायत समिति सदस्य नफीस मंडेलिया आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

इस दौरान पार्षद मंजीत सिंह, नपा सहवृत सदस्य कैप्टन हनुमान प्रसाद, कमलेश कांगड़ा, संगीता चौधरी, कैप्टन शंकरलाल महरानिया, कर्मवीर कटेवा, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप पुजारी, ब्लॉक सचिव संजय नूनिया, संगठन महासचिव राकेश सोनी, ब्लॉक प्रवक्ता तेजप्रकाश सोनी, सुभाष भांबू, भरत नूनिया, राजकुमार ओजटू, चंचल भांबू, राजीव नूनिया, कर्मवीर श्योराण, ओम प्रकाश, बाबूलाल बसवाला, रोहित चंदेलिया, मुकेश कालुंडिया, लालाराम सैनी, महिपाल गुर्जर आदि सैंकडों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पुरुष, महिला और जूनियर खिलाड़ियों की मिश्रित टीम होना काफी दिलचस्प होगा। यह लीग दुनिया भर के आयोजकों के लिये प्रेरणा भी होगी। – **कोनेरू हम्पी**

**पूर्व विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियन, ग्लोबल चेस लीग को लेकर।**

**आज का खिलाड़ी**



## महेन्द्र सिंह धोनी

**चेन्नई** सुपर किंग्स एमएस धोनी आईपीएल फाइनल ने मैदान पर उतरते ही एक बड़ा इतिहास रच डाला।यह धोनी का बतौर खिलाड़ी 250वां मैच है। वह आईपीएल में 250 मैच खेलने वाले पहले प्लेयर बन गए हैं। इसके अलावा, धोनी भारतीय लीग में 11 फाइनल खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन चुके हैं। धोनी अब तक आईपीएल के सभी सीजन में खेले हैं। वह 14 सीजन सीएसके जबकि दो सीजन राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के लिए खेले। सीएसके को जब साल 2016 और 2017 में बैन झेलना पड़ा था, तब धोनी पुणे का हिस्सा बने।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल इतिहास में पहला मैच फ्रांस और मैक्सिको के बीच खेला गया, जिसमें फ्रांस 4-1 से जीता।

# बारिश ने फिर डाला खलल, चैन्नई को मिला 171 रन का लक्ष्य

### आईपीएल फाइनल

अहमदाबाद, 29 मई। वर्षा बधित आईपीएल फाइनल में चैन्नई सुपरकिंग्स को जीत के लिए 171 रन का लक्ष्य मिला है। बारिश के कारण रिसर्व दिन खेले जा रहे फाइनल में भी बारिश ने अपना व्यवधान बरकरार रखा है। टॉस हारने के बाद पहले खेलते हुए गुजरात टाइटंस ने 4 विकेट पर 314 रन बनाए। पहली पारी के ब्रेक के बीच बारिश शुरू हो गई और मैदानकर्मी तेजी से कवर लेकर मैदान के बीच भागे। बारिश खुलने पर चेन्नई की पारी की तीन गेंद ही हुई थी कि दोबारा पानी बरसने लगा। रात्रि साढ़े ग्यारह बजे अंपायरों ने पिच का निरीक्षण कर मैच को 15 ओवर का किया और चेन्नई को जीत के लिए 171 रन का लक्ष्य मिला।

इससे पूर्व युवा वामहस्त बल्लेबाज साई सुदर्शन (47 गेंद, 96 रन) और ऋद्धिमान साहा (39 गेंद, 54 रन) के अद्धर्शतकों की बदौलत गुजरात टाइटन्स ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स के सामने 215 रन का विशाल लक्ष्य रखा।



सुदर्शन आईपीएल फाइनल में शतक जड़ने वाले बल्लेबाजों की सूची में अपना नाम नहीं लिखा सके, लेकिन उन्होंने 47 गेंद पर आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से 96 रन बनाकर गुजरात को फाइनल के सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। चेन्नई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और शुरुआती दो ओवरों में गुजरात के सलामी बल्लेबाजों को परेशान भी किया। दूसरे ओवर में हालांकि दीपक चाहर ने तुषार देशपांडे की गेंद पर शुभमन गिल का कैच छोड़ दिया। तीन रन के मामूली स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद गिल ने देशपांडे के खिलाफ हाथ खोलते हुए लगातार तीन चौके जड़े और साहा के साथ सात ओवर में 67 रन की साझेदारी कर डाली।

कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अंततः रवींद्र जडेजा की गेंद पर शानदार स्टंपिंग करते हुए गिल को पवेलियन लौटाया, लेकिन इससे पहले वह 20 गेंद पर सात चौकों की मदद से 39 रन बना चुके थे।

पहला विकेट गिरने के बाद भी गुजरात की पारी नहीं रुकी और साहा ने तेजी से रन बटोरने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली। साहा ने 36 गेंदों पर अद्धर्शतक पूरा करते हुए सुदर्शन के साथ 64 रन की अद्धर्शतकीय साझेदारी की। साहा ने 39 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाकर 54 रन बनाये जबकि चाहर ने उन्हें धोनी के हाथों कैच आउट करवाया। अनुभवी बल्लेबाज साहा के 14वें ओवर में पवेलियन लौटने के बाद चेन्नई को उम्मीद होगी कि वह गुजरात को 200 रन के नीचे रोक सकेगी, लेकिन सुदर्शन ने ऐसा नहीं होने दिया। शुरुआती 12 गेंदों पर सिर्फ 10 रन बनाने वाले सुदर्शन ने साहा के जाते ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी शुरी कर दी।

## नीरज ने एफबीके खेलों से नाम वापस लिया

नयी दिल्ली, 29 मई। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने मांसपेशी में खिंचाव के कारण नीदरलैंड के हेंगेलो में होने वाले एफबीके खेलों से नाम वापस ले लिया है। नीरज ने सोमवार को इसकी पुष्टि करते हुए ट्वीट किया, ''चोट हमारे सफर का हिस्सा होती हैं, लेकिन यह कभी आसान नहीं होता। हाल ही में अभ्यास करते हुए मेरी एक मांसपेशी में खिंचाव आ गया। चिकित्सीय जांच के बाद मैंने और मेरी टीम ने फैसला लिया है कि हम इस चोट को बढ़ाने वाला कोई जोखिम मोल नहीं लेंगे। दुर्भाग्य से, इसके कारण मुझे हेंगेलो में एफबीके खेलों से नाम वापस लेना होगा।'' एफबीके खेल एक वार्षिक ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिता है जो चार जून को आयोजित होगी। नीरज ने कहा, ''आयोजकों और टूर्नामेंट की सफलता की कामना करता हूं। मैं ठीक होने की राह पर हूं और जून में ही ट्रैक पर लौटने की कोशिश करूंगा। आप सब के समर्थन के लिये धन्यवाद।'' नीरज ने हाल ही में पुरुष भाला फेंक एथलीटों की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। ट्रैक और फील्ड स्पर्धा में भारत के लिये पहला ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले नीरज विश्व एथलेटिक्स की रैंकिंग में ग्रेनाडा के मौजूदा विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स से 22 अंकों से आगे हैं। चोपड़ा ने छह मई को दोहा में 88.67 मीटर के विश्व-अग्रणी प्रयास के साथ डायमंड लीग का पहला चरण जीतकर अपने 2023 सीज़न की शुरुआत की थी। उन्होंने हालांकि 13 जून को फिनलैंड के तुर्कू में होने वाले पावो नूरमी खेलों को लेकर कोई पुष्ट नहीं की है।

## स्टीफेंस समेत चार अमेरिकी महिला खिलाड़ी फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

पेरिस, 29 मई। अमेरिका की स्लोएने स्टीफेंस ने दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन कैरोलिना प्लिसकोवा को 6.0, 6.4 से हराकर फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। स्टीफेंस ने 2017 में अमेरिकी ओपन जीता था और फ्रेंच ओपन 2018 में उपविजेता रही। अमेरिका की मेडिसन कीस ने केइया कानेपी को 6.1, 3.6, 6.1 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिकी क्वालीफायर काइला डे से होगा जिसने फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी क्रिस्टिना म्लादेनोविच को 7.5, 6.1 से मात दी। क्रोएशिया में जन्मी अमेरिका की बर्नार्डा पेरा ने दुनिया की पूर्व दूसरे नंबर की खिलाड़ी एनेट कोंटावेट को 7.6, 6.2 से हराया। दो साल पहले उपविजेता रही अनास्तासिया पी ने चेक गणराज्य की लिंडा एफ को 6.2, 6.2 से मात दी। वहीं डोन्ना वेकिच ने क्वालीफायर डायना यास्त्रेमस्का को 6.2, 7.5 से हराया।

## हम अपनी क्षमता का 70% ही खेल पाये है : जूनियर भारतीय हॉकी कोच कुमार

सालालाह (ओमान), 29 मई। भारतीय जूनियर हॉकी टीम के मुख्य कोच सी आर कुमार का मानना है कि उनकी टीम ने एशिया कप सेमीफाइनल में पहुंचने के बावजूद अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है जो अब उसे करना होगा। भारत ने चीनी ताइपै को 1.0, जापान को 3.1, थाईलैंड को 17.0 से हराने के अलावा पाकिस्तान से 1.1 से ड्रॉ खेला। कुमार ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' सेमीफाइनल और फाइनल से पहले कुछ कठिन मुकाबले खेलना हमेशा अच्छा होता है। हमने इसका मजा लिया लेकिन अपनी क्षमता का 70 प्रतिशत ही खेले हैं। बाकी 30 प्रतिशत कमी सेमीफाइनल और फाइनल में पूरी करनी होगी।'' उन्होंने कहा ,'' मुझे इस टीम पर भरोसा है। एशिया कप विश्व कप के लिये क्वालीफायर है और अपनी क्षमता दिखाने के लिये यह अकेला क्वालीफायर है। हम बिना किसी बाधा के विश्व कप में जाना चाहते हैं।' जूनियर विश्व कप पांच से 16 दिसंबर तक कुआलालंपुर में खेला जायेगा। कुमार ने हालांकि यहां एस्ट्रो टर्फ पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, टर्फ का इस्तेमाल नहीं हुआ है और इसकी ऊपरी सतह समतल नहीं है और इससे हमें मदद नहीं मिल रही। हर टीम को परेशानी हुई है लिहाजा हमें ही अपना खेल बेहतर करना होगा।''

## गोल हंटर्स ने आर्डोर को रौंदा, खिताब पक्का

नयी दिल्ली, 29 मई। गोल हंटर्स ने फुटबॉल दिल्ली सी-डिवीजन लीग में चैंपियनशिप की दावेदार मानी जा रही आर्डोर एफसी को सोमवार को 6-1 से पीटकर बी-डिवीजन में प्रवेश की पात्रता हासिल कर ली। नेहरू स्टेडियम पर खेले गये एकतरफा मैच में विजेता टीम के लिये नितिन ने दो और गौरव, यमन, अजय पाल और कुशाग्र ने एक-एक गोल जमाया। पराजित टीम का गोल चंदन ने किया। एक अन्य मुकाबले में एलायंस ने विक्रम (दो) और शिवम के गोलों से 90 मिनट्स को 3-1 से परास्त किया। पराजित टीम का गोल मोहित भंडारी ने जमाया। इसी बीच, फुटबॉल दिल्ली सांस्थानिक लीग में दिल्ली सरकार ने मुकेश चन्याल के गोल से उत्तर रेलवे को एक गोल से पराजित किया। दूसरे मैच में डीटीसी ने बैंक ऑफ इंडिया क साथ 2-2 से ड्रॉ खेलकर अंक बांट लिये। बैंक टीम के गोल आकाश और सागर ने जबकि डीटीसी के लिये विनोद और योगिंदर ने गोल किए।

## संस्थागत लीग से विभागों को फुटबॉल में निवेश करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा : विजयन

नयी दिल्ली, 29 मई। भारत के पूर्व दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी आईएम विजयन का मानना है कि संस्थागत लीग शुरू करने से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू), राज्यों के विभिन्न विभागों और पुलिस इकाइयों को देश भर में खेल में निवेश करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पीएसयू, राज्य विभागों और पुलिस इकाइयों से खेलने वाले फुटबॉलारों के लिए प्रतिस्पर्धा के और मौके बनाने के लिए संस्थागत लीग शुरू करने की घोषणा की है जिसकी देश के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकरों में से एक रहे विजयन ने सराहना की है। विजयन ने कहा, ''जब मैं किशोर था तो केरल पुलिस ने मुझे अपनी टीम में शामिल किया था।

## एशिया कप सेमीफाइनल में भारत, विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई किया

सलालाह, (ओमान), 29 मई। गत चैंपियन भारत ने जूनियर पुरुष एशिया कप 2023 के अपने आखिरी पूल-ए मैच में थाईलैंड को 17-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस विशाल जीत के साथ भारत ने दिसंबर में होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई कर लिया है। नियमों के अनुसार, जूनियर एशिया कप में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाली टीमों को विश्व कप के लिये क्वालीफाई करना था, जबकि मलेशिया ने विश्व कप का मेज़बान होने के नाते टूर्नामेंट में जगह बना ली थी। मलेशिया के रविवार को एशिया कप सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद चारों सेमीफाइनलिस्ट टीमों ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर लिया।

अंगद बीर सिंह (13वां मिनट) ने रविवार रात खेले गये मुकाबले में भारत का खाता खोला, जबकि दूसरे क्वार्टर में योगेंबर रावत (17वां मिनट), उत्तम सिंह (24वां मिनट) और अमनदीप लाकड़ा (26वां, 29वां मिनट) ने गोल जमाकर भारत की बढ़त हाफ टाइम से पहले 5-0 कर दी। तीसरे क्वार्टर में उत्तम (31वां मिनट) और अंगद (33वां मिनट) के साथ-साथ अरैजीत सिंह हुंदल (36वां मिनट) और विष्णुकांत सिंह (38वां मिनट) ने भी एक-एक गोल दागकर भारत के स्कोर में योगदान दिया। तीसरा क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले बॉबी सिंह धामी (45वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए भारत का स्कोर 10-0 पर पहुंचा दिया।

शारदा नंद तिवारी (46वां मिनट), अमनदीप (47वां मिनट) और अंगद (47वां मिनट) ने शुरुआती दो मिनटों में ही तीन गोल करके चौथे क्वार्टर को भारत के नाम कर दिया। थाईलैंड की वापसी की संभावना बेहद कम लग रही थी, लेकिन रोहित (49वां) के गोल ने इसे और भी मुश्किल बना दिया। सुनीत लाकड़ा (54वां), अंगद (55वां), और राजिंदर सिंह (56वां मिनट) ने मैच खत्म होने से पहले एक-एक गोल किया और भारत ने आक्रामक हॉकी के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ 17-0 की जीत दर्ज की।

## विराट कोहली ने टीम इंडिया के साथ किया अभ्यास, रोहित शर्मा आज अभ्यास करेंगे

ऑरेनडेल (ससेक्स), 29 मई। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सोमवार को ऑरेनडेल कासल क्रिकेट क्लब में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के साथ राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अभ्यास सत्र से जुड़ गए। ऐसा लगता है कि उनादकट बाएं कंधे की चोट से उबर गए हैं।



भारत और ऑस्ट्रेलिया सात से 11 जून तक द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भारतीय टीम के सदस्यों की तस्वीर साझा की जिसमें कोहली के अलावा तेज गेंदबा मोहम्मद सिराज और उमेश यादव भी शामिल थे। बीसीसीआई ने ट्वीट में कहा, ''टीम इंडिया के सदस्यों ने ऑरेनडेल कासल क्रिकेट क्लब में डब्ल्यूटीसी 2023 की अपनी तैयारियां शुरू की। कोहली, उमेश और सिराज को नई ट्रेनिंग किट में जॉगिंग करते हुए देखा जा सकता था जबकि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने नेट पर गेंदबाजी की।

उनादकट ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे के साथ भी बात की। फाइनल की तैयारी के लिए इंग्लिश काउंटी में ससेक्स की ओर से खेल रहे चेतेश्वर पुजारा भी ट्रेनिंग के लिए पहुंचे। उमेश और शारदुल ठाकुर डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए यहां पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ियों के शुरुआती समूह में शामिल थे।

## ऑस्ट्रेलिया ने हेजलवुड को डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम में शामिल किया

दुबई, 29 मई। तेज़ गेंदबाज़ जॉश हेज़लवुड ने चोट के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल स्क्वाड में जगह बना ली है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि ऑस्ट्रेलिया ने सात जून से होने वाले खिताबी मुकाबले के लिये हेज़लवुड को 15-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया है।

हेज़लवुड इस महीने की शुरुआत में (मामूली दर्द) के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) छोड़कर स्वदेश लौट आये थे, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने लंदन के द ओवल मैदान पर होने वाले फाइनल से पहले उन्हें फिट घोषित कर दिया था। हेज़लवुड कप्तान पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड और मिचेल स्टार्क जैसे खिलाड़ियों से सजे गेंदबाजी आक्रमण में शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में 15-सदस्यीय टीम की घोषणा कर चुके बीसीसीआई ने युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में लंदन भेजा है। जायसवाल को रुतुराज गायकवाड़ की जगह चुना गया है, जो तीन जून को शादी होने के कारण लंदन नहीं जा सकेंगे।

**ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी स्क्वाड :** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नेथन लायन, टॉड मर्फ़ी, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, डेविड वॉर्नर

**भारत डब्ल्यूटीसी स्क्वाड :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएस भरत, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, ईशान किशन।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में उनादकट को देखना चाहते हैं दिनेश कार्तिक

दुबई, 29 मई। भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का कहना है कि भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिये जयदेव उनादकट को एकादश में जगह देनी चाहिये। लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में उतरते हुए भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी, जिन्होंने हाल ही में अपनी कमर की सर्जरी करवाई है। लंदन के द ओवल की पिच पर मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी की जोड़ी भारतीय गेंदबाजी की अगुवाई करेगी। कार्तिक का कहना है कि सिराज और शमी के साथ भारत को उनादकट को तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में जबकि शार्दुल ठाकुर को तेज गेंदबाजी हरफनमौला के रूप में मौका देना चाहिये। कार्तिक ने आईसीसी के रिव्यू पॉडकास्ट पर कहा, ''जसप्रीत बुमराह की कमी किसी भी टीम को किसी भी प्रारूप में खलेगी, लेकिन मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी के रूप में कुछ प्रमुख गेंदबाज शानदार फॉर्म में हैं, जिन्होंने पूरे आईपीएल में वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की है।'' कार्तिक ने कहा, ''उनके पास शार्दुल ठाकुर भी है, जिनके खेलने के आसार बहुत ज्यादा हैं, जबकि चौथे तेज गेंदबाज के लिये उन्हें उमेश यादव और जयदेव उनादकट में से किसी एक को चुनना होगा। आप कह सकते हैं कि वे वामहस्त गेंदबाज (उनादकट) की ओर जा सकते हैं क्योंकि वे गेंदबाजी आक्रमण में विविधता चाहेंगे।'' भारत ने हाल ही में घरेलू परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज़ के दौरान अपनी एकादश में तीन स्पिनरों का सफलतापूर्वक उपयोग किया था। रविचंद्रन अश्विन (25 विकेट), स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (22) और उभरते हुए बाएं हाथ के एक्सर पटेल (तीन) ने आपस में 50 विकेट चटकाकर भारत को लगातार चौथी बार यह सीरीज जिताई थी। कार्तिक हालांकि इंग्लैंड की परिस्थितियों में सिर्फ एक ही स्पिनर को भारतीय टीम में देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2021 डब्ल्यूटीसी फाइनल में अश्विन और जडेजा को एक साथ खिलाना भारत की भूल थी जो टीम को दोबारा नहीं दोहरानी चाहिये। कार्तिक ने कहा, ''दो स्पिनरों को खिलाना बहुत साहसी फैसला होगा। हो सकता है कि वह सिर्फ एक स्पिनर खिलाएं और एक अतिरिक्त तेज गेंदबाजी हरफनमौला को खिलाने की कोशिश करें। क्या वे दो स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरेंगे? इस सवाल का जवाब मैच के करीब आने पर, परिस्थितियों को देखकर ही दिया जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे याद है, उन्हें पिछली बार महसूस हुआ था कि उन्होंने साउथैम्पटन टेस्ट (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2021) में दो स्पिनर खिलाकर गलती की है। उस मैदान पर स्पिनरों को मदद नहीं मिली और दोनों गेंदबाजों का ठीक तरह प्रयोग भी नहीं हो सका।'' कार्तिक ने कहा, ''यह देखना बहुत दिलचस्प होगा कि क्या भारत उस रास्ते पर जाता है। पिछली बार जब वे इंग्लैंड में खेले थे, तो वे तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर और सिर्फ एक स्पिनर के साथ गये थे। इसलिए वे बहुत कुछ कर सकते थे। मेरा मानना है कि उन्हें उसी गेंदबाजी आक्रमण के साथ जाना चाहिये।''

## हैंडबॉल में गतिरोध खत्म, दिग्विजय चौटाला एचएआई के नए अध्यक्ष चुने गए

### तेजराज सिंह कोषाध्यक्ष चुने गये

नयी दिल्ली, 29 मई। भारतीय ओलंपिक संघ के हस्तक्षेप के बाद दिग्विजय चौटाला को भारतीय हैंडबॉल संघ का अध्यक्ष और जगन मोहन राव को महासचिव चुना गया जिससे खेल के संचालन को लेकर लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध खत्म हो गया। एचएआई ने इस मुद्दे को सुलझाने में भूमिका के लिए आईओए को धन्यवाद दिया और भारत में खेलों की शीर्ष संस्था से मान्यता का आग्रह किया। पिछले कुछ वर्षों से राव और चौटाला दोनों की अगुआई वाली संस्थाएं हैंडबॉल का वैध राष्ट्रीय महासंघ होने का दावा कर रहीं थी।

कौन की संस्था खेल का संचालन करेगी इस भ्रम के कारण पिछले साल गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों से हैंडबॉल को हटा दिया गया था। आईओए ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''भारतीय ओलंपिक संघ आज भारतीय हैंडबॉल संघ में महीनों से चले आ रहे गतिरोध का हल निकालने में बड़ी सफलता की घोषणा करता है। खेल और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए दोनों गुट अब मिलकर काम करेंगे।'' आपसी सहमति से निकाला गया यह हल काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत आगामी हांगझोउ एशियाई खेलों की तैयारी कर रहा है।

आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे पत्र में एचएआई की कार्यकारी समिति ने सोमवार को चौटाला को सर्वसम्मति से अध्यक्ष, राव को महासचिव और तेजराज सिंह को कोषाध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। उषा ने मामले का हल निकलने पर संतोष जाहिर करते हुए कहा, ''एचएआई ने सभी खेल महासंघों के लिए उदाहरण पेश किया है कि बातचीत से सभी मुद्दों का हल निकाला जा सकता है।

मुझे खुशी है कि आईओए खेल और इसके खिलाड़ियों के प्रति समान लक्ष्यों के प्रति काम करने के लिए दोनों पक्षों को एक साथ लाने में सफल रहा।'' चौटाला और राव दोनों ने भारत में हैंडबॉल की बेहतरी के लिए एकजुट होकर काम करने की बात कही। चौटाला ने कहा ''संचालन के मुद्दे का हल निकालने में मार्गदर्शन के लिए मैं आईओए को धन्यवाद देता हूं। अब हम आगे बढ़ेंगे और देश में खेल के लिए एक साथ काम करेंगे।'' राव ने कहा, ''भारत में हैंडबॉल की सेवा और हमारे खिलाड़ियों के विकास के लिए मैं अपना सर्वश्रेष्ठ करूंगा।''

## पुलिस हिरासत से रिहा हुए पहलवान जल्द करेंगे अगले कदम पर विचार

नयी दिल्ली, 29 मई। पुलिस हिरासत से कल देर रात रिहा हुए पहलवान अब भी अपने अगले कदम पर विचार कर रहे हैं और उन्हें खेल जगत से समर्थन मिलना जारी है। राजनीतिक और खेल हस्तियों ने शीर्ष पहलवानों के खिलाफ रविवार को हुई पुलिस कार्रवाई की निंदा की है। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, संगीता फोगाट, साक्षी मलिक और कई अन्य पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने रविवार को उस समय हिरासत में ले लिया जब वे महिला 'महापंचायत' के लिए नए संसद भवन की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे थे। जंतर मंतर से शीर्ष पहलवानों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के कई वीडियो सामने आए। पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। विरोध कर रहे पहलवानों में से एक ने कहा, ''हम आपको जल्द ही बतायेंगे कि हमारा अगला कदम क्या होगा। कल जो हुआ हम अब भी उससे उबरने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे रात 11 बजे रिहा किया गया और बजरंग को आधी रात के आसपास छोड़ा गया। हम सब अभी तक नहीं मिले हैं। हम जल्द ही इस पर चर्चा करेंगे। ''

## सभी खेल संगठनों में सुरक्षा उपाय लागू होने की जरूरत : अभिनव बिंद्रा

नयी दिल्ली, 29 मई। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एथलीट आयोग के सदस्य अभिनव बिंद्रा ने प्रदर्शनकारी पहलवानों की भयावह तस्वीरों पर चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को सभी खेल संगठनों में स्वतंत्र सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की।

बीजिंग ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट निशानेबाज बिंद्रा ने ट्वीट किया, कल रात सो नहीं सका। अपने साथी भारतीय पहलवानों के प्रदर्शन की भयावह तस्वीरों ने (मुझे) विचलित रखा। समय आ गया है कि हम सभी खेल संगठनों में स्वतंत्र सुरक्षा उपाय लागू करें।

उल्लेखनीय है कि बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट सहित देश के कई नामचीन पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

करीब एक महीने से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन पर बैठे पहलवानों ने रविवार को नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन समारोह के दौरान संसद तक मार्च करने और महिला महापंचायत आयोजित करने का फैसला लिया था। पहलवान हालांकि जंतर-मंतर रोड से आगे नहीं बढ़ सके और पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर प्रदर्शन स्थल से पहलवानों के तंबू उखाड़ दिये। बिंद्रा ने कहा, हमें सुनिश्चित करना होगा कि अगर ऐसी स्थिति आती है तो इसका निपटान बेहद संवेदनशीलता और सम्मान के साथ किया जाये। हर एथलीट एक सुरक्षित और सशक्त करने वाले माहौल का हकदार है।

बृजभूषण पर एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप हैं। दिल्ली पुलिस सभी पीड़ितों के बयान लेकर बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज कर चुकी है, जिनमें से एक पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) से संबंधित है। कैसरगंज लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह हालांकि अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं। बिंद्रा से पहले टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मुरली श्रीशंकर ने भी पहलवानों की दुर्गति पर चिंता व्यक्त की थी।

नीरज ने रविवार को पहलवानों के हिरासत में लिये जाने के एक वीडियो पर टिप्पणी की, ''यह देखकर बहुत दुख हो रहा है। इससे निपटने का बेहतर तरीका हो सकता है।'' श्रीशंकर ने पहलवानों के साथ दिल्ली पुलिस के बर्ताव को बर्बर करार देते हुए ट्वीट किया, ''बेहद बर्बर ! हमारे चैंपियन इस बर्ताव के लायक नहीं थे। ओलंपक में पहुंचने का सपना देखने वाले एक एथलीट के तौर पर यह तस्वीर (मेरे मस्तिष्क पर) बहुत गहरा घाव छोड़ेगी।

छेत्री ने रविवार देर रात ट्वीट किया, ''हमारे पहलवानों को बिना सोचे समझे घसीटे जाने की क्या जरूरत है? यह किसी के साथ व्यवहार करने का तरीका नहीं है। मैं वास्तव में उम्मीद करता हूं कि इस पूरी स्थिति का आकलन उसी तरह किया जाए जैसा होना चाहिए।''

## टेस्ट क्रिकेट में वेतन असमानता पर पोंटिंग के विचारों पर चर्चा नहीं हुई : आईसीसी

नयी दिल्ली, 29 मई। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के इन दावों से खुद को अलग कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि टेस्ट क्रिकेट में भुगतान की असमानता समाप्त करने के लिए खेल की सर्वोच्च संस्था में बातचीत चल रही है।

पोंटिंग ने इस महीने के शुरू में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से जुड़े कार्यक्रम में कहा था कि आईसीसी में यह सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तर पर चर्चा चल रही है कि छोटे देशों के क्रिकेटरों को पांच दिवसीय प्रारूप खेलने के लिए अच्छा भुगतान किया जाए।

आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने हालांकि कहा कि क्रिकेट समिति की एक बैठक में यह मामला उठाया गया था लेकिन इस पर चर्चा नहीं हुई। वसीम ने मीडिया कर्मियों से कहा,'' मुझे लगता है कि शायद इसे गलत तरह से पेश किया गया। आईसीसी क्रिकेट समिति में शुरू में यह मसला उठाया गया था। यह चर्चा का विषय था लेकिन निश्चित तौर पर इसे आगे नहीं बढ़ाया गया।''

उन्होंने कहा,''रिकी के विचार क्रिकेट समिति के कई अन्य विषयों की तरह चर्चा का विषय था लेकिन इस संबंध में सदस्यों के बीच किसी तरह की चर्चा नहीं हुई।'' क्रिकेट समिति के प्रमुख भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली हैं। टी20 क्रिकेट के तेजी से आगे बढ़ने के कारण राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के बजाय फ्रेंचाइजी क्रिकेट को प्राथमिकता देने वाले क्रिकेटरों की संख्या बढ़ती जा रही है विशेषकर वेस्टइंडीज के क्रिकेटर इस मामले में सबसे आगे हैं।

फ्रेंचाइजी क्रिकेट से बढ़ते खतरे के बारे में पूछे जाने पर वसीम ने कहा,''दुनिया भर में बेहद प्रतिस्पर्धी घरेलू टी20 लीग हो रही हैं। यह प्रशंसकों और खिलाड़ियों को अधिक विकल्प प्रदान करता है और इससे सीमित ओवरों के हमारे विश्वकप में सुधार देखने को मिलता है।''

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख नजम सेठी ने स्पष्ट किया है कि अगर भारतीय टीम एशिया कप के अपने मैच पाकिस्तान में नहीं खेलेगी तो उनकी टीम ही वनडे विश्वकप के लिए भारत का दौरा नहीं करेगी। आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस और अध्यक्ष ग्रेग बार्कले अभी नियमित बैठकों के लिए पाकिस्तान में हैं लेकिन इस दौरान इन दोनों पड़ोसी देशों के बीच क्रिकेट के रिश्तों को लेकर भी चर्चा करने की संभावना है। वसीम ने इस विवादित विषय पर कुछ खास नहीं कहा।

### गैफनी, इलिंगवर्थ होंगे डब्ल्यूटीसी फाइनल के अंपायर

दुबई, 29 मई। न्यूजीलैंड के क्रिस गैफनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सात जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अंपायर की भूमिका निभाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इंग्लैंड के 48 वर्षीय गैफनी अपने 49वें टेस्ट मैच में खड़े होंगे, जबकि 59 वर्षीय इलिंगवर्थ के लिये यह 64वां टेस्ट होगा। इलिंगवर्थ दो साल पहले भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गये डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी उपस्थित थे। जिसे कीवी टीम ने आठ विकेट से जीता था।



*विख्यात चित्रकार रैम्ब्रैन्ट को अन्य समकालीन कलाकारों के विपरीत अपने जीवनकाल में ही असाधारण सफलता मिल गई थी। इस डच कलाकार की कलाकृतियाँ ना केवल नीदरलैंड्स में बल्कि पूरे यूरोप में विख्यात थीं। उसके शिष्य भी "डच गोल्डन एज" में काफी प्रभावशाली हुए। रैम्ब्रैन्ट एक जानी मानी हस्ती थे, इसलिए 17 वीं सदी के इस कलाकार की अज्ञात एवं अतिदुर्लभ कृतियाँ मिलने से कला जगत में खलबली मच जाती है। क्रिस्टीज़ ऑक्शन हाउस में, पुराने महान कलाकारों के विशेषज्ञ, हैरी पैटिफर को हाल ही में रैम्ब्रैन्ट की दो कृतियां मिली हैं। उन्होंने बताया कि, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि, ये पेंटिंग्स पूरी तरह से अज्ञात थीं और 19 वीं और 20 वीं सदी के, रैम्ब्रैन्ट से सबंधित किसी भी साहित्य में इनका कहीं कोई जिक्र नहीं है। इस पेंटिंग्स को संभवतया 200 साल पहले जनता ने देखा था। एक पेंटिंग में प्लम्बर, जैन विलैम्स वैन डर प्लोयम और दूसरी में उसकी पत्नी जापगेन कैरैल्स नज़र आ रहे हैं। यह युगल डच शहर लायडन में रहता था। उनका रैम्ब्रैन्ट से आजीवन रिश्ता रहा। उनके बेटे की शादी रैम्ब्रैन्ट की चचेरी बहन से हुई थी और समझा जाता है कि, इस शादी से जन्मे पुत्र ने रैम्ब्रैन्ट से कला की ट्रेनिंग ली थी। ये लोग रैम्ब्रैन्ट के बेहद करीबी थे। इस परिवार ने ही 1824 में ये कलाकृतियां एक ब्रिटिश परिवार को बेची थीं, जिनके पास आज भी ये मौजूद हैं। इस ब्रिटिश परिवार को पता नहीं था कि पेंटिंग्स के उनके संग्रह में ये दो दुर्लभ पेंटिंग भी हैं। सन् 1635 की हस्ताक्षरित ये दोनों दुर्लभ कलाकृतियां 8 इंच लम्बी और साढ़े 6 इंच चौड़ी हैं। पैटिफर ने कहा, "मुझे लगता है कि रैम्ब्रैन्ट द्वारा बनाए गए ये सबसे छोटे पोर्ट्रेट्स हैं।"*

# कांग्रेस को 250 के आसपास सीटें देना चाहता है संयुक्त विपक्ष?

## चर्चाओं के अनुसार सीट शेयरिंग का बेसिक फॉर्मूला है कि, 2019 में जिस पार्टी ने जो सीट जीती, वो उसकी, तथा नंबर-2 पर रही पार्टी को प्राथमिकता देना इस फॉर्मूला का दूसरा स्टेज है

नई दिल्ली, 29 मई। ममता बनर्जी और नीतीश कुमार भाजपा के खिलाफ प्लान 475 तैयार कर रहे हैं। इस प्लान की सबसे प्रमुख बात यह है कि, वे चाहते हैं कि, लोकसभा की 543 सीटों में से कम से कम 475 सीटों पर भाजपा के खिलाफ विपक्ष से सिर्फ एक कैंडिडेट लड़े। कैंडिडेट कांग्रेस का हो या किसी और पार्टी का लेकिन लड़े कोई एक जिससे वोट ना बंटे और बीजेपी को आमने-सामने की लड़ाई में हराकर 2024 में लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतने से रोका जा सके।

सूत्र बताते हैं कि, 475 सीटों पर एक कैंडिडेट देने का वो फॉर्मूला जिस पर चर्चा होगी उसमें 2019 में जीती सीटों का सबसे अहम रोल है। बेसिक फॉर्मूला है कि 2019 में जिस पार्टी ने जो सीट जीती, वो उसकी। नंबर 2 पर रही पार्टी को प्राथमिकता देना फॉर्मूला का दूसरा स्टेज है। क्षेत्रीय दल इस फॉर्मूले पर कांग्रेस से सीट के बंटवारे पर सहमति बनाने की कोशिश करेंगे।

**■ नीतीश कुमार चाहते हैं कि, लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ 475 सीटों पर विपक्ष का केवल एक ही उम्मीदवार चुनाव लड़े।**

किसी सीट पर नंबर 1 और 2 पर रही पार्टी अगर विपक्षी खेमे में नहीं हो तो तीसरे नंबर पर रही पार्टी को तवज्जो दिया जाए। लब्बोलुआब यह है कि 2019 के चुनाव में विपक्षी खेमे की जो पार्टी सबसे ज्यादा वोट लाई, उसका उस सीट पर हक माना जाए।

दिक्कत ये है कि कांग्रेस ये फॉर्मूला मान लेती है तो उसे 2024 के चुनाव में 250 से कुछ ज्यादा या कम सीटें लड़ने के लिए मिल पाएंगी जहां वो जीती या कम से कम दूसरे नंबर पर रही। ऐसे में विपक्षी गठबंधन जीत भी जाए तो सरकार चलाने और गिराने का बटन कोलकाता से चेन्नई तक बिखरा रहेगा।

लेकिन कांग्रेस की एक मुसीबत यह भी है कि सीधी लड़ाई में भाजपा कांग्रेस पर बहुत भारी है। अब पूरी कवायद विपक्षी इस बात पर टिकी है कि, कांग्रेस करीब 250 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो जाये। नीतीश कुमार और ममता बनर्जी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के साथ इसी फॉर्मूले पर मंथन के लिए आगामी 12 जून को पटना में सभी विपक्षी पार्टियों की मीटिंग बुलाई है।

2014 के लोकसभा चुनाव में 189 सीटों पर सीधी टक्कर में 166 बीजेपी जीती जबकि 2019 में 192 सीटों पर आमने-सामने के मुकाबला में 176 भाजपा जीती। 2019 के चुनाव में कांग्रेस 52 सीट जीती और 209 पर दूसरे नंबर पर रही। 2014 के चुनाव में कांग्रेस 44 सीट जीती थी और 224 सीटों पर दूसरे नंबर पर रही थी। जीत और रनर अप मिला दें तो कांग्रेस 2014 में 268 सीट और 2019 में 261 सीट पर जीती या आगे रही।

ममता और नीतीश के फॉर्मूले से कांग्रेस को लगभग 250 सीटें ही मिलती दिख रही हैं। बाकी सीटों पर यूपी में अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, महाराष्ट्र में शरद पवार और उद्धव ठाकरे, बिहार में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव, झारखंड में हेमंत सोरेन जैसे क्षत्रप अपनी-अपनी पार्टी को महत्व, नेतृत्व और ज्यादा सीटें चाहते हैं। मतलब ये कि जिन राज्यों में कांग्रेस कमजोर है वहां वो उस राज्य की ताकतवर पार्टी द्वारा दी गई सीटें लड़े।

कांग्रेस जिस हालत में है उसमें 2024 में भाजपा को हटाने के लिए वो क्षेत्रीय दलों से सीटों की सौदेबाजी में कितना झुक सकती है, अब सारा खेल इस पर टिकने वाला है। क्षेत्रीय दल कांग्रेस को अगर ये भरोसा देने में कामयाब हो जाते हैं कि पहले नंबर जुटाना है और बाद में सबसे बड़ी पार्टी ही सरकार का नेतृत्व करेगी।

## 'दोनों नेताओं...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर, इसके तौर तरीकों व प्रक्रिया का ब्यौरा तैयार करने का निर्णय नेतृत्व पर छोड़ दिया गया है।

राहुल गांधी आज रात अमेरिका जा रहे हैं, इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि क्या तुरंत कोई निर्णय लिया जा सकता है।

इसलिए कांग्रेस नेतृत्व तेजी से काम कर रहा है और पायलट को राज्य व्यापी आंदोलन करने से रोकने की कोशिश कर रहा है क्योंकि यह नेतृत्व के लिए भारी शर्मिंदगी का सबब साबित हो रहा है।

सचिन पायलट को अपना आंदोलन वापस लेने के लिए कारण बताने होंगे। सूत्रों का कहना है कि दोनों नेताओं को एक साथ रखा जाए और संभावना है कि गहलोत को मनमानी करने की छूट नहीं मिले।

# 'अपवाद कानून नहीं हो सकता'

## हाई कोर्ट ने गैर आर.ए.एस. को पदोन्नत कर आई.ए.एस. बनाने पर तीखी टिप्पणी की

**-यादवेन्द्र शर्मा-**

जयपुर, 29 मई। राजस्थान हाई कोर्ट में गैर आर.ए.एस. (राजस्थान एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस) से सीधे "इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस" (आई.ए.एस.) अफसर के पद पर एक 'सब-कोटा' के माध्यम से पदोन्नत किए जाने की प्रथा के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार से इस प्रथा के संबंध में जवाब मांगा है और पिछले पाँच वर्ष के ऑकडे भी माँगे है। एक्टिंग सी.जे.एम.एम. श्रीवास्तव व जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद व अन्य की याचिकाओं पर दिया।

इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता तनवीर अहमद अदालत में पेश हुए थे। उन्होंने अदालत को बताया कि 'ऑल इंडिया सर्विस एक्ट' व उसके नियम-विनियम के तहत 66.67 प्रतिशत आई.ए.एस. अफसर 'यू.पी.एस.सी.' परीक्षा के माध्यम से सीधे भर्ती किए जाते है। वहीं 33.33 प्रतिशत आई.ए.एस. पद राज्य के प्रशासनिक अफसरों की पदोन्नति से भरे जाते हैं। उन्होंने अदालत को इस तथ्य से अवगत कराया कि अपवाद स्वरूप में गैर राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को भी आई.ए.एस. के पद पर पदोन्नत किया जा सकता है। परन्तु इन अफसरों की संख्या राज्य प्रशासनिक सेवा से पदोन्नित होने वाले अफसरों की कुल संख्या की केवल 15 प्रतिशत तक ही हो सकती है। उन्होंने अदालत को यह भी बताया कि यह नियम एक अपवाद है और यह तरीका पदोन्नतित की नियमित प्रक्रिया नहीं हो सकती। तनवीर अहमद ने बताया कि राज्य सरकार ने इस अपवाद को प्रथा मान कर पिछले कई वर्षो से आर.ए.एस. अफसरों से पदोन्नत होकर आई.ए.एस. बनाए जाने वाले कुल अफसरों में से 15 प्रतिशत का कोटा गैर आर.ए.एस. अफसरों का बना दिया है, जिस पर निरंतर अमल किया जा रहा है। अदालत ने मौखिक तौर पर कहा कि अगर ऐसी प्रथा अपनाई जा रही है तो यह नियम का साफ उल्लंघन होगा। अदालत ने राज्य सरकार को जवाब पेश करने का अंतिम मौका दिया है। सुनवाई की अगली तारीख जुलाई में तय की गई है।

# सी.बी.आई. ने ब्रिटिश एयरोस्पेस और रोल्स रॉयस कंपनी के खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज की

## सी.बी.आई. की रिपोर्ट के अनुसार 2003-2012 के बीच सेना के लिए 115 मॉर्डन हॉक विमानों की खरीद में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है

नई दिल्ली, 29 मई। भारतीय वायुसेना और नौसेना के लिए हॉक 115 मॉडर्न जेट ट्रेनिंग विमान की खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप मामले में सी.बी.आई. ने अपना ऐक्शन तेज कर दिया है। जांच एजेंसी ने ब्रिटिश एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी रोल्स-रॉयस पी.एल.सी., इसकी इंडियन यूनिट के सीनियर अधिकारियों व शस्त्र विक्रेताओं के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की है।

एफ.आई.आर. के अनुसार, सी.बी.आई. ने मामले में 6 साल की जांच पूरी होने के बाद आईपीसी की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश), 420 (धोखाधड़ी) और भ्रष्टाचार निरोधक कानून के प्रावधानों के तहत रोल्स-रॉयस इंडिया के निदेशक टिम जोन्स, हथियार आपूर्तिकर्ता सुधीर चौधरी और उनके बेटे भानु चौधरी व ब्रिटिश एयरोस्पेस सिस्टम्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अभी रोल्स रॉयस से इस पर प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

अधिकारियों ने बताया कि, 2017 में एक ब्रिटिश अदालत ने भी समझौते को अंजाम देने के लिए कंपनी की ओर से बिचौलिए को शामिल करने और कमीशन का भुगतान करने का जिक्र किया था। यह आरोप है कि 2003-12 के दौरान साजिश में शामिल इन आरोपियों ने 73.42 करोड़ ब्रिटिश पाउंड की लागत से 24 हॉक 115 एजेटी की खरीद का प्लान बनाया। इसके लिए उन्होंने अज्ञात लोक सेवकों के साथ मिलकर अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया था। उन्होंने

**■ यह आरोप है कि, 2003-12 के दौरान साजिश में शामिल इन आरोपियों ने 73.42 करोड़ ब्रिटिश पाउंड की लागत से 24 हॉक 115 एजेटी की खरीद का प्लान बनाया। इसके लिए उन्होंने अज्ञात लोक सेवकों के साथ मिलकर अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया था।**

30.82 करोड़ अमेरिकी डॉलर और 75 लाख अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त राशि के लिए रोल्स रॉयस को आपूर्ति की गई सामग्री के बदले हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के 42 अतिरिक्त विमानों के लाइसेंस निर्माण की अनुमति दी।

सी.बी.आई. की प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि यह सौदा रोल्स रॉयस द्वारा बिचौलियों को दी गई भारी भरकम रिश्वत, कमीशन और भ्रष्टाचार के एवज में किया गया था, जबकि समझौते से संबंधित दस्तावेज में बिचौलियों के भुगतान पर रोक की बात कही गई थी। एचएएल ने अगस्त 2008 से मई 2012 के बीच भारतीय वायु सेना को 42 विमान दिए। जनवरी 2008 में एचएएल ने रक्षा मंत्रालय से 9,502 करोड़ रुपये की लागत से 57 अतिरिक्त हॉक विमान के निर्माण के लिए लाइसेंस देने की अपील की थी, जिसमें से 40 विमान वायु सेना के लिए और 17 नौसेना के लिए था।

सी.बी.आई. जांच से पता चला है कि, 2006-07 में आयकर विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण के दौरान रोल्स रॉयस इंडिया कार्यालय से लेन-देन से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए थे, लेकिन आरोपी व्यक्तियों ने जांच से बचने के लिए दस्तावेजों को नष्ट कर दिया और हटा दिया।

## 12 जून को पटना ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

था तथा घोषित कर दिया था कि वे अपने दम पर ही 2024 के चुनाव लड़ेंगे। कुमार "वन-टू-वन" के विचार को आगे बढ़ाने की कोशिश में लगे हुये हैं कि 2024 के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी के समय विपक्ष का एक ही प्रत्याशी खड़ा हो तथा वे इस विचार की भी वकालत और हिमायत कर रहे हैं कि कांग्रेस और भाजपा के समान दूरी रखने की धारणा क्षेत्रीय दलों के लिये अपनी पराजय को आमंत्रित करने वाली सिद्ध होगी। सूत्रों का कहना है कि 18 विपक्षी दलों के नेता, जिनमें एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार, ओडिशा तथा पश्चिमी बंगाल के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक तथा ममता बनर्जी, राहुल गांधी तथा समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पटना मीटिंग में उपस्थित होंगे।

विपक्षी एकता अभी दूर की कौड़ी बनी हुई है क्योंकि क्षेत्रीय नेताओं के ग्रुप अपनी समान्तर गतिविधियाँ जारी रखे हुये हैं। ममता बनर्जी तथा अखिलेश यादव स्वतंत्र रूप से कांग्रेस रहित तीसरे मोर्चा के विचार को आगे बढ़ाने में लगे हुये हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल तेलंगाना के मुख्यमंत्री को चन्द्रशेखर राव सहित, विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं के साथ मीटिंग कर रहे हैं ताकि दिल्ली अध्यादेश का समर्थन रोका जा सके। लेकिन बिहार के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि "क्षेत्रीय दलों के अधिकांश नेता भाजपा सरकार के इशारे पर ई.डी./सी.बी.आई. केसों के साझा खतरे का सामना कर रहे हैं। इसलिये इन पार्टियाँ को किसी औपचारिक या अनौपचारिक गठबंधन में शामिल होने के लिये स्वत: ही बाध्य हो जायेंगी।

## पेपर लीक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सरकार ने ये आदेश दिए हैं।

शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की थी। इस बैठक में अनिल उर्फ शेर सिंह मीणा को भी प्रमोट किया गया था। अचंभे की बात है कि, शिक्षा विभाग ने बर्खास्त हो चुके शेर सिंह मीणा को प्रमोट कर दिया। इतना ही नहीं उसका पदस्थापन भी कर दिया गया।

निदेशक गौरव अग्रवाल ने शाम होते-होते इस आदेश को वापस ले लिया। इसके बाद राज्य सरकार ने सोमवार सुबह गौरव अग्रवाल को ही पद से हटा दिया। शिक्षा विभाग में पदोन्नति करने से पहले सभी कार्मिकों का रिकॉर्ड देखा जाता है। प्रत्येक कार्मिक के रिकॉर्ड की जांच की जाती है। आपत्ति भी मांगी जाती है।

डी.पी.सी. होने के बाद भी करीब एक महीने का वक्त रहता है। लेकिन, इसके बाद भी किसी के ध्यान में नहीं आया कि सेवा से बर्खास्त हो चुके कार्मिक को कैसे पदोन्नति दी गई।

जब यह खबर प्रमुखता से चली कि, एक करोड़ रुपये में सीनियर टीचर भर्ती का पेपर बेचने वाले मास्टरमाइंड अनिल उर्फ शेर सिंह मीणा को शिक्षा निदेशालय ने वाइस प्रिंसिपल से प्रिंसिपल के पद पर प्रमोशन कर दिया तो शिक्षा निदेशालय बीकानेर ने रात में नया आदेश जारी किया।

# मणिपुर में हिंसा और तेज हुई

## हथियारबंद आतंकियों ने गाँवों में आम लोगों के घरों पर हमला किया, सुरक्षाबलों ने 25 हथियारबंद आतंकियों को गिरफ्तार किया है

इम्फाल, 29 मई (वार्ता)। मणिपुर की राजधानी इम्फाल में सोमवार को लीमाखोंग सैन्य मुख्यालय के पास खुरखुल एवं अन्य मैतेई गांवों में हथियारबंद आतंकियों ने हमला किया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकियों के अत्याधुनिक हथियारों से लैस होने के कारण ग्रामीण आसपास के स्थानों की ओर भाग गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज देर रात राज्य पहुंचने वाले हैं जिसके लिए वहां की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है।

सैनिकों ने हथियार रखने एवं घरों को जलाने की कोशिश करने के आरोप में 25 लोगों को भी गिरफ्तार किया। राज्य के सभी पांच जिलों में पूरे दिन कर्फ्यू में ढील नहीं दी गई और 3 मई से झड़पें शुरू होने के बाद से वहां इंटरनैट भी बंद है।

मुख्यमंत्री एन बीरेन ने कहा कि यह संघर्ष अब सशस्त्र कुकी आतंकियों और सरकार के बीच है। इंफाल पूर्व जिले में इंसास राइफल और मैगजीन के साथ तीन लोगों को 5.56 एमएम की 60 गोली, गोला-बारूद, एक चीनी हथगोला और एक डेटोनेटर के साथ गिरफ्तार किया गया।

एक अन्य घटना में सेना ने इंफाल पूर्व में घरों को जलाने की कोशिश करने वाले 22 लोगों को गिरफ्तार किया, उन आतंकियों ने स्वचालित हथियारों से सेना की टुकड़ियों पर गोलियां भी चलाईं। उनके पास से पांच 12 बोर की डबल बैरल राइफल, तीन सिंगल बैरल राइफल, डबल बोर वाला एक देसी कट्टा और एक मज़ल लोडेड हथियार भी बरामद किया गया। सेना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोगों के बहुमूल्य जीवन को सुरक्षित किया और आगजनी की अनेक घटनाओं को रोका।

इस बीच, मणिपुर के मुख्य सचिव डॉ. विनीत जोशी ने एक आदेश में कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए कई लोग मणिपुर के बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी साझा कर रहे हैं लेकिन उनमें से कई सूचनाएं गलत, फर्जी और झूठी अफवाह पाई गई हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसी गलत सूचनाएं जनता को गुमराह करती है, हिंसा भड़कती है और हथियारों का उपयोग करने और राज्य के खिलाफ विद्रोह करके राज्य में वर्तमान स्थिति को खराब करने की क्षमता रखती है, जिससे मानवीय जीवन को नुकसान होता है, लोगों की जान जाती है और संपत्तियों को नुकसान पहुंचता है।

## दरगाह में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सुपरविजन में सलूम्बर थानाधिकारी लीलधर मालवीय के नेतृत्व में गठित दल ने इस मामले में आरोपी गोविन्द पुत्र बालाजी, ललित पुत्र पेमाराम, कैलाश पुत्र नाथुलाल, दयाराम पुत्र शंकरलाल, मांगीलाल पुत्र हिराजी, वीराराम पुत्र मावाराम निवासीयान पातुखेडा, कुराबड जिला उदयपुर को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया।

## एर्दोगन फिर से तुर्किये के राष्ट्रपति चुने गये

नयी दिल्ली, 29 मई (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन को फिर से चुनाव जीतने पर बधाई दी और कहा कि उन्हें विश्वास है कि द्विपक्षीय संबंध और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग बढ़ता रहेगा।

मोदी ने ट्वीट किया, तुर्किये के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर आर टी एर्दोगन को बधाई ! मुझे विश्वास है कि आगामी समय में वैश्विक मुद्दों पर हमारे द्विपक्षीय संबंध और सहयोग बढ़ते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि ये चुनाव जीतने के बाद राष्ट्रपति एर्दोगन चुनाव जीतकर फिर से पांच साल के लिए सत्ता में आए। अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने रविवार को रन-ऑफ में करीब पूरी गिनती में 52.16 प्रतिशत मत हासिल किए। उन्होंने कहा कि अपनी जीत के साथ, एर्दोगन ने अपने शासन को तीसरे दशक तक बढ़ा दिया।

## 'महिला चिकित्सक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की हकदार थी।

उल्लेखनीय है कि, सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार भी पाठ्यक्रम शुरु होने के पहले, एक तय तिथि के उपरांत नए "एडमिशन" नहीं दिये जा सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि, केवल "रैअरेस्ट ऑफ रेर", यानी बिल्कुल ही अनूठी स्थितियों में ही इस नियम को तोड़ा जाना चाहिये। हाई कोर्ट ने उक्त मामले को "रेअरैस्ट ऑफ रेअर" माना है और अपीलार्थी को अगले सत्र में प्रवेश दिया है।

अपील में अधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत को बताया कि, अपीलार्थी वर्ष 2015 में डैंटल ऑफिसर के पद पर नियुक्त हुई थी। साल 2018 में उसे अलवर की मंडावर कम्युनिटी हैल्थ सैंटर (सी.एच.सी.) में नियुक्त किया गया। इसके बाद करोना काल में उसे अलवर के ग्रामीण क्षेत्र में नियुक्ति दी गई। जहां उसने कुल 750 दिन तक काम किया। अपील में कहा गया कि, गत वर्ष की नीट पीजी परीक्षा में उसे नियमानुसार बीस बोनस अंक दिए जाने थे, लेकिन उसे इसका लाभ नहीं दिया गया। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार व अन्य की ओर से कहा गया कि, अपीलार्थी की मूल नियुक्ति शहरी क्षेत्र में थी और उसे कार्य व्यवस्था के लिए ग्रामीण क्षेत्र में लगाया गया था। जहां उसे ग्रामीण भत्ता भी नहीं दिया गया था। ऐसे में उसकी ओर से दी गई सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्र की सेवा के तौर पर नहीं गिना जा सकता। इसी आधार पर एकलपीठ ने भी पूर्व में उसकी याचिका को खारिज कर दिया था।

दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने माना कि, अपीलार्थी को बिना किसी गलती के पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने से वंचित किया गया है। ऐसे में उसे अगले सत्र के पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाए।

## न संसद की पुरानी बिल्डिंग रही...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करने का सबसे बेहतरीन जरिया है।

"लीक्स" और प्रैस तथा सत्ता के बीच मेलजोल के उस खत्म हो चुके दौर की घटना मुझे याद आती है जब एक ताकतवर प्रधानमंत्री अपने चयनित किन्तु अयोग्य व अकुशल प्रत्याशी को विशालकाय पब्लिक सैक्टर एयरलाइन ऑपरेटर का चेयरमैन नहीं बना सका था और न्यूज़ लीक होने की वजह से ऐसा नहीं हो पाया था।

संसद की कार्यवाहियों में पत्रकारों को आने की अनुमति देने एक बार जब उपराष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा राज्यसभा सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। तब सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों ने उन्हें इस कदर परेशान किया कि वे रुंआसे से हो गए थे। यह कार्यवाही टी.वी. पर नहीं आई थी। पर पत्रकारों ने यह खबर प्रकाशित की और सत्तारूढ़ पार्टी के उन उद्दण्ड सांसदों को शर्मिंदा होना पड़ा।

वह घटना भी याद है जब प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह विपक्ष के कुछ सदस्यों ने उनकी कार्यशैली को लेकर जोरदार हमला बोला, उनकी घोर आलोचना की। डॉ. सिंह राजनेता तो है नहीं, तो वह यह सब सह नहीं पाए, उन्होंने तमाम आरोपों और आलोचना को बेहद गंभीरता और व्यक्तिगत स्तर पर ले लिया।

जब हालात और भी बुरा रूप ले रहे थे तब उनकी मदद को आगे आए अटल बिहारी वाजपेयी, उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में डॉ. सिंह का बचाव किया।

अनुभवी राजनेता वाजपेयी ने डॉ. सिंह को सलाह दी कि अपनी "चमड़ी थोड़ी मोटी" कर ले और किसी भी बात को निजी तौर पर न लें। उन्होंने कहा कि जहां तक उन्हें याद है उन्हें उनके राजनैतिक करियर में काफी भला बुरा कहा गया। वैसे वाजपेयी हमारी पीढ़ी के सबसे बेहतरीन राजनेताओं में से एक रहे हैं। यू.एन. में और संसद में उनके भाषणों को आज भी याद किया जाता है।

जब उनकी तेरह दिन की सरकार गिरी थी तब उनका भाषण निस्संदेह बहुत शानदार था। पर एक ऐसा मौका था जब संसद में अपने भाषण में उन्होंने राजनीतिक आकाश की ऊंचाइयां छू ली थीं।

उस समय आंध्र प्रदेश के कुछ विधायक दिल्ली आए थे तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी को ज्ञापन देने। उनमें से एक या दो को प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने के लिए अंदर आने की अनुमति देने की बजाय दिल्ली पुलिस ने उन पर कार्यवाही की तब संसद चल रही थी और खबर अंदर पहुंची।

और तब वाजपेयी सदन में खड़े हुए और अपनी शानदार हिंदी में भाषण दिया।

प्रधानमंत्री सदन में नहीं थे पर उन्होंने अपना भाषण प्रधानमंत्री को ही संबोधित किया। उन्होंने कहा, "अभी तक राज्यों के लोग दिल्ली में न्याय के लिए आते है, पर अगर उनके साथ ऐसा व्यवहार होगा तो वह दिन दूर नहीं जब दिल्ली को अपनी सत्ता बचाने के लिए राज्यों पर दस्तक देनी पड़ेगी।"

यह मानो एक संत की भविष्यवाणी थी और आने वाले वर्षों में केन्द्र को अपने अस्तित्व के लिए पूरी तरह से क्षेत्रीय दलों के समर्थन पर निर्भर होना पड़ा। निश्चित रूप से अब वो दौर खत्म हो गया है।

ऐसे दिन आते रहते हैं जब कर्मों का हिसाब होता पर अकलमंद लोग उसके अनुसार समझदारी से काम करते है।

## तीन राज्यों के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विकसित करने के लिये अत्यल्य समय ही मिल सके।

भाजपा नेताओं, खासतौर से मोदी-शाह की जोड़ी, के इस विचार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवल का समर्थन भी प्राप्त है। इस जोड़ी का मानना है कि विपक्षी दलों और उनके नेताओं के बीच बहुत गहरे अन्तर्विरोध हैं तथा उनमें तालमेल बनाने के लिये काफी समय और धैर्य की जरूरत होगी।

इसलिये भाजपा का मानना है कि समय पूर्व चुनाव कराना चुनावी लड़ाई में अपना पलड़ा भारी रखने के लिये बेहतर रणनीति सिद्ध होगी।

भाजपा रणनीतिकारों का मानना है कि, आम चुनावों को जल्दी तथा तीन हिन्दी भाषी राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ कराने का एक और लाभ भी मिलेगा-कांग्रेस राज्य के चुनावों पर अपना पूरा ध्यान केन्द्रित नहीं कर पायेगी क्योंकि उसे राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान देना होगा, इस प्रकार कांग्रेस संसाधनों के मामले में भी और ज्यादा असुविधा में रहेगी। भाजपा का मानना है कि देश की इस सबसे पुरानी पार्टी के पास संसाधनों का अकाल होगा, क्योंकि इसकी जमापूंजी खींचतान का शिकार हो जायेगी।

आम चुनाव जल्दी करवाकर, सत्तारूढ़ पार्टी यह सुनिश्चित कर लेगी कि भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा प्रस्तावित हिस्सा, जिसके अंतर्गत राहुल गांधी का पूर्व से पश्चिम-हिन्दी भाषी क्षेत्रों से गुजरते हुये, तक जाना प्रस्तावित है, भी बाधित हो जायेगा। भारत जोड़ो यात्रा के पहले हिस्से के फलस्वरूप, कांग्रेस तथा राहुल गांधी-दोनों की ही विश्वसनीयता को आशातीत लाभ हुआ था, यही कारण है कि सत्तारूढ़ दल यात्रा के दूसरे हिस्से के आयोजन की स्थिति ही आने देना नहीं चाहता।

राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू ( राज. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600